संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, बुधवार, 13 सितंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 244 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com **हरियाणा संस्करण** दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



टीएमसी सांसद और बंगाल की चर्चित एक्ट्रेस नुसरत जहां सीनियर सिटीजन्स से फ्लैट बिक्री में करोड़ों रुपए के फ्रॉड मामले में प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश हुईं।




# व्यापारी कल्याण बोर्ड चेयरमैन से फोन पर बात कर मदद करवाने की गुहार लगाई

**नुकसान**

▶▶ देर रात किंग्स एन्ड क्वीन के नाम से रेडीमेड कपड़ों की दुकान में शार्ट सर्किट से आग लगी



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**कच्चे क्वार्ट**र मार्किट में दुर्गा मंदिर के पास सोमवार देर रात किंग्स एन्ड क्वीन के नाम से रेडीमेड कपड़ों की दुकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई जिससे लाखों रुपए के कपडे जलकर नष्ट हो गए। दुकान के मालिक अमित ने बताया कि वह दुकान बंद कर घर पहुंचा ही था कि आग लगने की सूचना मिली और वह तुरंत मौके पर पहुंचा तो देखा कि दुकान की ऊपरी मंजिल में आग लगी हुई है। मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने पहुंचकर काबू पाया।

घटना की सूचना मिलने पर मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। उन्होंने व्यापारी कल्याण बोर्ड में चेयरमैन बालकिशन अग्रवाल से फोन पर बात कर मदद करवाने की गुहार लगाई। बालकिशन अग्रवाल ने कहा कि केस बनाकर उपायुक्त के माध्यम से भेज दो, मदद करवाने का प्रयास करेंगे। राजीव जैन ने सभी जी०ऐस०टी० रजिस्टर्ड व्यापारियों से अपना रजिस्ट्रेशन व्यापारी कल्याण बोर्ड में करवाने की मांग की ताकि भविष्य में भगवान ना करे कोई अनहोनी हो जाये तो उन्हें मुआवजे के लिए भटकना ना पड़े।

**जीवन नगर में भी लगी आग –** जीवन नगर वासी हरीश कुमार के घर में बिजली के शार्ट सर्किट के कारण हुई आगजनी से सब कुछ जलकर स्वाह हो गया, तीन दिन से सांत्वना देने वालों का ताँता लगा हुआ था परन्तु मदद की तो मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने, तुरंत 20 हजार की राशि घर का सामान लेने के लिए प्रदान की। आगे राजीव जैन ने आश्वाशन दिया कि प्रशाशन या सरकार से जो भी मदद हो पायेगी वह करवाने का प्रयास करेंगे। हरीश कुमार ने बताया कि वह बीमार रहते हैं और मेरा दो दिन बाद ऑपरेशन होना था। सामान के साथ ऑपरेशन के लिए एकत्रित की गई धनराशि भी जल गई। हरीश का कहना था की मेरे पास खाने-पीने तक का सामान भी नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि पहले भी मेरा एक ऑपरेशन होना था जिसके लिए राजीव जैन ने चांदनी धर्मार्थ समिति के निवेदन पर मेरी 25 हजार रुपए की मदद की थी।

# विश्वकर्मा मंदिर सभा की सदस्यता आरम्भ: कृष्ण पांचाल

## सभा का सदस्य बनने के लिए नियत फॉर्म को भरकर हस्ताक्षर सहित सभा के महासचिव के पास जमा करवा सकते हैं

**अभियान**

▶▶ कार्यकारिणी सदस्यों के सुझाव पर सभा के सदस्य बनने के लिए सदस्यता अभियान शुरू किया गया



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)**
विश्वकर्मा मंदिर सभा (पंजीकरण संख्या 01827) रेलवे रोड कुरूक्षेत्र की महत्वपूर्ण बैठक जांगडा धर्मशाला कुरुक्षेत्र में प्रधान कृष्ण चंद्र पांचाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई और बैठक में कार्यकारिणी सदस्यों के सुझाव पर सभा के सदस्य बनने के लिए सदस्यता अभियान शुरू किया गया ।जानकारी देते हुए सभा के प्रधान कृष्ण चंद पांचाल, उप प्रधान जयंत पांचाल, महासचिव मदन जांगड़ा ने बताया कि सदस्यता के लिए कोई भी व्यक्ति जिसकी आयु 18 वर्ष से ऊपर है अपने परिचय पत्र जिनमे आधार कार्ड के साथ पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पता व पहचान पत्र , 2 फोटो और 1100 के शुल्क जो की डिमांड ड्राफ्ट , चेक या रसीद कटवा कर इसका सदस्य बन सकता है ।सदस्यता आगामी 3 महीने के लिए खोली गई है जो की 9 दिसंबर तक फॉर्म लिए जाएंगे। इसके बाद कोई फार्म स्वीकार नहीं किया जाएगा उन्होंने बताया कि सभा का सदस्य बनने के लिए नियत फॉर्म को भरकर हस्ताक्षर सहित सभा के महासचिव के पास जमा करवा सकते हैं। इस अवसर पर उपप्रधान सरदार जोगिंदर सिंह, कोषाध्यक्ष हरिराम पांचाल,सचिव राकेश जांगड़ा व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# हिंदी पखवाड़े में अव्वल आने वाले छात्रों को किया सम्मानित



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र** (दलबीर मलिक)आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हरिपुर में दिनांक 12/ 9/ 2023 को खंड स्तर पर हिंदी पखवाड़ा में प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रधानाचार्य बलजीत सिंह जास्ट के द्वारा सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि खंड स्तर पर हमारे विद्यालय से 6 से 8 में तनवी निबंध लेखन में प्रथम , कविता पाठ में छात्रा कविता प्रथम और भाषण प्रतियोगिता में नैतिक ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसी प्रकार 9 से 12 में कविता पाठ में अमृता प्रथम तथा भाषण प्रतियोगिता में अंशिका ने प्रथम स्थान हासिल किया और दृश्य घटना वर्णन में अनीता द्वितीय स्थान पर और चित्र देखकर कहानी लिखने में आशीष द्वितीय स्थान पर रहा। प्रधानाचार्य ने सभी अध्यापकों व बच्चों को बधाई दी और बताया कि प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थी जीवन में अनुशासन में रहना और जीवन की प्रतिस्पर्धा में भाग लेना सीखते हैं इसलिए प्रतियोगिताओं में ज्यादा से ज्यादा रुचि लेनी चाहिए।

# कुलदीप ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को मिठाई खिलाकर बधाई दी

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)**आज राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ का शिष्टमंडल राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त श्री कुलदीप मोर जी के साथ जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी श्री विनोद कौशिक जी से शिष्टाचार भेंट कर-के मिठाई खिलाकर बधाई दी। श्री कुलदीप मोर राजकीय प्राथमिक पाठशाला रामगढ़ रोड में कार्यरत हैं और इस वर्ष उनको राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त हुआ है। आज शिष्टमंडल में जिला प्रधान राजेंद्र टंडन जिला महासचिव संदीप चौहान कोषाध्यक्ष सतीश भारद्वाज खंड थानेसर प्रधान नरेश फूले मौजूद रहे।

# 'जी-20 समिट में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का बढ़ता प्रभाव स्पष्ट झलका'



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**अखिल भारतीय वैश्य महासभा के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मेघ राज बंसल ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि गत शनिवार को जब जी 20 के सदस्य देशों ने नई दिल्ली में घोषणा पत्र स्वीकारा तो यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भारतीय अधिकारियों के लिए बड़ी उपलब्धि थी। उनके सामने अनेक विषयों विशेष कर यूक्रेन में चल रहे युद्ध पर सर्वसम्मति बनाने की कठिन चुनौती थी लेकिन अनेक सप्ताह तक चली वाताओं के बाद सभी देशों ने एक स्वर में भारत के प्रस्तावित संयुक्त घोषणा पत्र पर रजामंदी दे दी। उन्होंने कहा कि जी 20 भारत की कूटनीतिक सफलता थी। अफ्रीकन यूनियन को स्थाई सदस्यता दिलाने का भारत का प्रस्ताव सर्वत्र सराहा गया।श्री बंसल ने कहा कि दिल्ली में आयोजित जी-20 समिट में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का बढ़ता प्रभाव स्पष्ट झलका। भारत ने खुद को

**उपलब्धि**

▶▶ दिल्ली में घोषणा पत्र स्वीकारा तो यह प्रधानमंत्री मोदी सहित भारतीय अधिकारियों के लिए बड़ी उपलब्धि थी

विकासशील देशों और ग्लोबल साउथ के अगवा के रूप में प्रस्तुत किया और अब उसकी चीन से सीधी प्रतिस्पर्धा निर्मित हो चुकी है। शी जिनपिंग समिट से नदारद रहे। इसे उनके द्वारा इस मंच का अवमूल्यन करने के प्रयास के रूप में देखा गया क्योंकि जी-20 पर अमेरिका का दबदबा समझा जाता है। भारत से भू राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के कारण भी चीन ने समिट से दूरी बनाए रखी। इस अवसर पर स. हीरा सिंह, आर्य मेघ सभा के जिला संयोजक वेद प्रकाश आर्य, करतार सिंह , सरवन कुमार, तीर्थ राम आर्य, राम बाबु आदि उपस्थित रहे।





| दिनांक | स्थान |
|---|---|
| 13.09.2023 | हांसी |
| 14.09.2023 | भट्टू मंडी |
| 15.09.2023 | ऐलनाबाद |
| 16.09.2023 | डबवाली |
| 17.09.2023 | सिरसा |
| 18.09.2023 | रतिया |
| 19.09.2023 | नरवाना |
| 20.09.2023 | जींद |
| 21.09.2023 | कैथल |
| 22.09.2023 | कुरुक्षेत्र |
| 23.09.2023 | अंबाला |
| 24.09.2023 | पंचकूला |
| 25.09.2023 | यमुनानगर |



# स्कूल ऑफ एमिनेंस
# की शुरुआत

## 21वीं सदी के कौशल और विशेषज्ञता वाले स्कूल

- आधुनिक फर्नीचर से सुसज्जित कक्षाएं
- व्यावहारिक प्रशिक्षण वाली अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं
- पुस्तकों के सर्वोत्तम संग्रह वाले पुस्तकालय
- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एनीमेशन, वेब डिज़ाइन और विदेशी भाषा कौशल सहित व्यापक प्रशिक्षण
- उच्च गुणवत्ता वाली खेल सुविधाएं
- विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए आरामदायक वातावरण

मुख्य अतिथि

**अरविंद केजरीवाल**
मुख्यमंत्री, दिल्ली

13 सितंबर, 2023 | दोपहर 2:00 बजे
रंजीत एवेन्यू ग्राउंड, अमृतसर



**भगवंत सिंह मान**
मुख्यमंत्री, पंजाब

स्कूल शिक्षा विभाग, पंजाब

# बातचीत के दौरान पत्नी ने खुदकुशी करने की कही बात, कुछ देर बाद लगाई फांसी

**टीम एक्शन इंडिया/गढ़मुक्तेश्वर (हापुड़) :** उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले के गढ़मुक्तेश्वर के गांव बहादुरगढ़ में एक महिला ने अपने पति से व्हॉट्सअप पर वीडियो कॉल करते हुए फांसी के फंदे पर लटकर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पहुंचे परिजनों और पुलिस ने दरवाजा तोड़कर महिला को फंदे से नीचे उतारा। बहादुरगढ़ निवासी राजपाल सिंह ने बताया कि मंगलवार की दोपहर को वह खेतों पर गया था। तभी भोपाल में नौकरी कर रहे बेटे रिंकू का फोन आया और बताया कि उसकी पत्नी तनु वीडियो कॉल पर बात कर रही थी, जो इसी बीच फंदे पर लटकर आत्महत्या करने की बात कह रही है। इतने में ही राजपाल तुरंत घर पहुंचा और उसका दरवाजा खुलवाया तो नहीं खुला। इसके बाद डायल 112 (पीआरवी) पुलिस को सूचना



देकर मौके पर बुलाया और पूरे मामले की जानकारी दी। पुलिस और परिजनों ने पुत्रवधू के कमरे का दरवाजा तोड़ा तो पुत्रवधू पंखे के कुंदे पर दुपट्टे का फंदा बनाकर लटकी हुई थी। जिसके बाद पुलिस ने महिला के शव को नीचे उतारा और आसपास जांच की, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**प्रेम विवाह से खुश नहीं थे महिला के परिजन:** रिंकू के पिता भोपाल ने बताया कि रक्षाबंधन पर ही वह दोनों गांव में त्योहार मनाने के लिए आए थे। इस बार वह किसी कारण साथ नहीं ले गया

**जांच जारी**

**सूचना पर पहुंचे परिजनों और पुलिस ने दरवाजा तोड़कर महिला को फंदे से नीचे उतारा**

था। वहीं दोनों ने प्रेम विवाह किया था, लड़की पक्ष के लोग शादी से खुश नहीं थे। घटना के तीन घंटे पहले बुलंदशहर के खुर्जा रह रहे मायके पक्ष को सूचना दी थी, अभी तक वह नहीं आए हैं। नायब तहसीलदार पवन कुमार और थानाध्यक्ष सुमित तोमर की मौजूदगी में पंचनामा भरा गया है, पोस्टमार्टम के लिए शव को भेजा है, प्रथम हष्टया मामला आत्महत्या का ही प्रतीत हो रहा है, जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## खाते से निकाली 89 हजार रुपये की नकदी

**सोनीपत:** बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बड़ौली के ग्रामीण को झांसे में लेकर उनके खाते से 89 हजार रुपये निकालने का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है उनका क्रेडिट कार्ड बनवाने वाली युवती व उसके परिचितों ने उसके साथ ठगी की है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने युवक के बयान पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव बड़ौली निवासी पंकज ने बताया कि कि उसने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का क्रेडिट कार्ड बनवाया था। क्रेडिट कार्ड साक्षी व सुमित ने भी बनवाया था। उनके क्रेडिट कार्ड से 86700 रुपये व बाद में दो हजार रुपये निकाले गए। उन्होंने बताया कि उनके पास 9 मई को साक्षी की कॉल आई थी। उसने कहा था कि आपके क्रेडिट कार्ड की पेमेंट नहीं भरी गई है। जिस पर उन्होंने साक्षी को बताया था कि उनका एप नहीं चल रहा है। जिस पर उन्होंने मदद करने का आश्वासन दिया था। उसके बाद राजीव मल्होत्रा की कॉल आई थी।

# उत्कृष्टता पुरस्कार 2023 में एनएमडीसी का शानदार प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/ हैदराबाद :** राष्ट्रीय खनिक एनएमडीसी ने हाइबिज टीवी के एजुकेशन एंड बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड्स 2023 में 6 पुरस्कार जीते। बिजनेस एक्सीलेंस समारोह में लीडरशिप एक्सीलेंस, सस्टेनेबिलिटी चैंपियन और सर्वोत्तम खनिज विकास कंपनी अवार्ड जीतकर एनएमडीसी एक उद्योग चैंपियन के रूप में उभरा है। शिक्षा में उत्कृष्टता के क्षेत्र में , कंपनी के आस्था विद्यामंदिर ने परिवर्तनकारी शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए सर्वश्रेष्ठ विद्यालय का पुरस्कार जीता; सक्षम ने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ अभिनव स्कूल का पुरस्कार प्राप्त किया; और एनएमडीसी आवासीय विद्यालय को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ आवासीय विद्यालय का अवार्ड प्रदान किया गया। एनएमडीसी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) श्री अमिताभ मुखर्जी को देश के सबसे बड़े लौह अयस्क



उत्पादक को मजबूती से आगे बढ़ाने के लिए लीडरशिप एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। अपनी टीम को नई उपलब्धियों के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा, &०४ङ्क३;टीम एनएमडीसी ने दृढ संकल्प लिया है कंपनी ने अपने इतिहास में अब तक जितनी उपलब्धि हासिल की है उसके बराबर की उपलब्धि वह आगामी पांच वर्षों की अवधि में प्राप्त करेगा। हम भारत के लिए एक बेहतर भविष्य बना रहे हैं और बस्तर, छत्तीसगढ़ की दूर-दराज स्थित बस्तियों में ऐसे विद्यालयों की स्थापना करना हमारे लिए सम्मान की विषय है जो हमारे देश के भविष्य के सपनों को शक्ति प्रदान कर सकें।


**उत्तर रेलवे**
**ई–नीलामी सूचना**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई–नीलामी की जाएगी. जिसका विवरण सारणीबद्ध है–

| | |
|---|---|
| 1. कैटगरी एवं विवरण | 02 रेलवे स्टेशनों के सर्कुलेटिंग एरिया में कम्प्रेहेंसिव (मिश्रित) पार्किंग हेतु ठेका |
| ई–कैटलॉग | UMB-Mixed-03-23 |
| लेवल क्रोसिंग गेट्स सं. (रेलवे स्टेशन के मध्य)/ट्रेन सं. | अम्बाला छावनी (दूसरा प्रवेश द्वार) एवं लेहरा गागा |
| ई–नीलामी की तिथि और समय | 20.09.2023 को 11:00 बजे |
| 2.कैटगरी एवं विवरण | 02 स्टेशनों पर, बीओसी की आपूर्ति, संचालन व रख–रखाव करते हुये, भुगतान राशि प्राप्त कर यात्रियों को गंतव्य तक पहुँचाना एवं उन्हीं बीओसी के ऊपर वाणिज्य विज्ञापन करने का ठेका |
| ई–कैटलॉग | UMB-Mixed-03-23 |
| लेवल क्रोसिंग गेट्स सं. (रेलवे स्टेशन के मध्य)/ट्रेन सं. | अम्बाला छावनी एवं सहारनपुर |
| ई–नीलामी की तिथि और समय | 20.09.2023 को 11:00 बजे |
| 3. कैटगरी एवं विवरण | 04 रेलवे स्टेशनों पर, प्लास्टिक बोटल क्रशर मशीन द्वारा वाणिज्य विज्ञापन करने का ठेका |
| ई–कैटलॉग | UMB-Mixed-03-23 |
| लेवल क्रोसिंग गेट्स सं. (रेलवे स्टेशन के मध्य)/ट्रेन सं. | शिमला, सरहिंद, अबोहर एवं यमुनानगर जगाधरी, |
| ई–नीलामी की तिथि और समय | 20.09.2023 को 11:00 बजे |
| 4. कैटगरी एवं विवरण | 13 ट्रेनों के बाहरी हिस्से में, खिड़की के नीचे, विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका |
| ई–कैटलॉग | ADVT-EXBW-03-23 |
| लेवल क्रोसिंग गेट्स सं. (रेलवे स्टेशन के मध्य)/ट्रेन सं. | 14525/14526, 14523/14524, 14521/14522 & 14507/14508, 14545/14546, 14511/14512, 14553/14554, 14505/14506, 04570/04569, 04603/04604, 04547/04548, 12241/12242, 12411/12412 एवं 22451/22452 |
| ई–नीलामी की तिथि और समय | 21.09.2023 को 11:00 बजे |
| 5. कैटगरी एवं विवरण | 08 रेलवे स्टेशनों के सर्कुलेटिंग एरिया में होर्डिंग/यूनिपोल द्वारा वाणिज्य विज्ञापन ठेका हेतु |
| ई–कैटलॉग | ADVTUMBOOH0423 |
| लेवल क्रोसिंग गेट्स सं. (रेलवे स्टेशन के मध्य)/ट्रेन सं. | तपा, शिमला, कालका, रामपुराफूल, गिद्दरबाहा, दौलतपुर चौक, मलेर कोटला, , अहमदगढ़ |
| ई–नीलामी की तिथि और समय | 25.09.2023 को 10:00 बजे |
| 6. कैटगरी एवं विवरण | 10 रेलवे स्टेशनों के प्लेटफार्म/कोन्कौर्से/प्रतीक्षालय हाल/रूम में ग्लो साइन बोर्ड/बोर्ड्स/होर्डिंग्स द्वारा नॉन–डिजिटल वाणिज्य विज्ञापन ठेका हेतु |
| ई–कैटलॉग | ADVUMBRDN0623 |
| लेवल क्रोसिंग गेट्स सं. (रेलवे स्टेशन के मध्य)/ट्रेन सं. | सहारनपुर, मंडी गोबिंदगढ़, अम्बाला छावनी (BCN डिपो की दीवार), बराडा, जगाधरी वर्कशॉप, मलोट, तपा एवं गिद्दरबाहा |
| ई–नीलामी की तिथि और समय | 26.09.2023 को 10:00 बजे |
| ई–कैटलॉग | ADVUMBRDN0723 |
| लेवल क्रोसिंग गेट्स सं. (रेलवे स्टेशन के मध्य)/ट्रेन सं. | अम्बाला छावनी एवं कालका |
| ई–नीलामी की तिथि और समय | 28.09.2023 को 10:00 बजे |
| 7. कैटगरी एवं विवरण | 03 रेलवे स्टेशनों पर क्लॉक रूम मनैजमेंट का ठेका |
| ई–कैटलॉग | UMB-CR-04-23 |
| लेवल क्रोसिंग गेट्स सं. (रेलवे स्टेशन के मध्य)/ट्रेन सं. | सहारनपुर, कालका एवं शिमला |
| ई–नीलामी की तिथि और समय | 28.09.2023 को 11:00 बजे |

ई–नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जाये। 2821/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# लेनदेन के विवाद में दो पक्षों में हुई पत्थरबाजी

**टीम एक्शन इंडिया/ गाजियबाद :** खोड़ा थाना क्षेत्र के इतवार बाजार में सोमवार रात सभासद अफजल और दिलावर मलिक के बीच लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान दोनों तरफ से जमकर पत्थरबाजी हुई। मामला बढ़ने पर दुकानदारों ने अपनी दुकान बंद कर दी। दोनों पक्षों की तरफ से फेंके गए पत्थरों से एक स्कॉर्पियो गाड़ी का शीशा टूट गया। सूचना पर अधिकारियों ने भारी पुलिस बल के साथ पहुंचकर मामले को शांत कराया। जानकारी के अनुसार, खोड़ा के वार्ड 31 निवासी सभासद अफजल और दिलावर मलिक का काफी समय से दो लाख रुपये के लेनदेन का विवाद है। दोनों पक्षों में कई बार कहासुनी हो चुकी है। सोमवार शाम को दोनों पक्षों के लोग इतवार बाजार में एक डेंटिस्ट की दुकान के पास में बातचीत कर रहे थे। देर रात दोनों पक्षों के बीच किसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। इसमें एक पक्ष ने अचानक पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। पत्थर और बोतल लगने के बाद लोग इधर-उधर भागने लगे। माहौल खराब होने पर दुकानदारों ने तुरंत अपनी दुकान बंद कर दीं। स्थानीय लोगों के बीच चर्चा रही है कि दोनों पक्षों से दो-तीन लोग पथराव के दौरान घायल हो गए। फिलहाल उनका अभी कुछ पता नहीं चला है। वहीं, पत्थरों से डेंटिस्ट की दुकान के बाहर खड़ी स्कॉर्पियो गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई। डायल 112 पर कंट्रोल रूम को पत्थरबाजी की सूचना मिलने पर तुरंत अधिकारी मौके पर पहुंचे। एसीपी स्वतंत्र सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों के लोगों को चिन्हित करना शुरू कर दिया।

## सेना की जमीन बेचे जाने के मामले में महिला गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/ गाजियाबाद**
उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में धोखाधड़ी एवं जालसाजी कर खाली पड़ी सेना की भूमि को बेचे जाने के मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। इस भूमि की कीमत करोड़ों में है और आरोपित महिला को 47 लाख रुपये मिले थे। गाजियाबाद के पुलिस उपायुक्त निपुण अग्रवाल ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अग्रवाल ने पत्रकारों को बताया कि सदर तहसील के उप निबंधक पंचम नवीन राय ने थाना सिहानीगेट में प्रार्थना पत्र दिया था। इसमें कहा गया है कि समीर मलिक निवासी हबीब कालोनी जस्सीपुरा, मजीद निवासी ग्राम अर्थला मोहन नगर, ओमपाल निवासी प्रताप बिहार, नीरज गर्ग सिविल कोर्ट गाज़ियाबाद ने धोखाधड़ी कर ग्राम मिजार्पुर में खसरा- 529 की भूमि को साढे. 10 करोड रुपये में फर्जी रूप से बैनामा दिया। इस संबंध में थाना सिहानीगेट में अभियोग दर्ज किया गया।

## घर के बाहर से इक्को वैन चोरी

**सोनीपत: बहालगढ़** थाना क्षेत्र में घर के बाहर खड़ी इक्को वैन के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव खेवड़ा निवासी मुकेश ने बताया कि गत 10 सितंबर को उसने अपनी ग्रे क्लर की गाड़ी को घर के बाहर खड़ा किया था। सुबह करीब 4 बजे तक गाड़ी वहीं खड़ी हुई थी।


**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना (ई–टेंडरिंग द्वारा)**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | कोच गाइडेंस सिस्टम PWL, DSA और MOZ रेलवे स्टेशन का प्रावधान। |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹ 1,39,22,374.64/- only |
| धरोहर राशि (₹) | ₹ 2,19,600/- only |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने की दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र जमा अपलोड करने का समय दिनांक 11.10.2023 15:00 बजे तक। |
| वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |

निविदा संख्याः 558-सिगनल-16-टेली–ओपनटेंडर–982 दिनांकः 11.09.2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2808/23

**उत्तर रेलवे**
**अधिसूचना**

दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे में सेवाओं की अत्यावश्यकता के कारण मासिक पारिश्रमिक के आधार पर सेवानिवृत रेलवे कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति। 27.09.2023 को या उससे पहले विभिन्न श्रेणियों (कुल 08 रिक्तियों) के लिए दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे में मासिक पारिश्रमिक के आधार पर पुनर्नियुक्ति के लिए सेवानिवृत रेलवे कर्मचारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। दिनांक 27.09.23 को पुनर्नियुक्ति के लिए अधिकतम ऊपरी आयु सीमा 64 1/2 वर्ष है। कर्मचारी को हटाया गया/बर्खास्त किया गया/अनिवार्य सेवानिवृत अनुशासनात्मक कारवाई या लंबित सतर्कता मामलों के परिणामस्वरूप या समीक्षाधीन और सेवानिवृत कर्मचारियों को फिर से नियुक्त किया जा रहा है, सुरक्षा के तहत कवर किया गया संबंधित सेवानिवृति योजना/सुरक्षा कर्मचारियों के लिए गारंटीकृत रोजगार के लिए उदार सक्रिय सेवानिवृति योजना (LARSGESS) पुनर्नियुक्ति के लिए पात्र नहीं हैं। अधिक जानकारी के लिए और आवेदन डाउनलोड करने के लिए हमारी वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in> हमारे बारे में> डिवीजन> दिल्ली> कार्मिक> दिल्ली डिवीजन पर सेवानिवृत रेलवे कर्मचारियों की फिर से नियुक्ति (कुल 08 एनओ रिक्तियों) और www.nr.indianrailways.gov.in> पर जाएं। समाचार और भर्ती >भर्ती >अधिसूचना। 2822/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
**ई–निविदा सूचना**

निम्लिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | एडीईएन/डीएलआई के अंतर्गत एसएसई/पी–वे/डीएलआई अनुभाग में वर्ष 2023–24 के लिए ट्रैक कार्य के रखरखाव के लिए वार्षिक जोन कार्य। |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) | ₹ 1,49,99,097.26 (रुपये एक करोड़ उनंचास लाख निन्यानवे हजार सत्तान्नवे और छब्बीस पैसे मात्र) |
| 3. | बयाना राशि (रू) | ₹ 2,25,000/– (रुपये दो लाख पच्चीस हजार मात्र) |
| 4. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | Rs. 0.00 |
| 5. | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय | 29.09.2023 को 15.00 बजे तक। |
| 6. | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध |

• ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। सं: 128–W/280/ई–निविदा सूचना/50–2023–24/W–3 दिनांक: 06.09.2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2800/23

**उत्तर रेलवे**
**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल अभियंता/समन्वय, मन्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए e- निविदाए आमन्त्रित की जाती हैं

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | तुगलकाबाद सब डीपो नम्बर 4 में 29000 घनमीटर 65 एमएम गेज मशीन द्वारा टूटी हुई पत्थर की गिटटी की आपूर्ति, चट्टा लगाना तथा रेल वैगनो में लदाई, (लागत में सभी कर शामिल हैं) |
| | अनुमानित लागत | रु. 3,56,03,590/- |
| | धरोहर राशि | रु. 3,28,000/- |
| | समापन अवधि | 12- माह. |
| | निविदा खुलने की तिथि | 03.10.2023 |
| 2 | कार्य का नाम | शकूरबस्ती सब डीपो नम्बर 4 में 30000 घनमीटर 65 एमएम गेज मशीन द्वारा टूटी हुई पत्थर की गिटटी की आपूर्ति, चट्टा लगाना तथा रेल वैगनो में लदाई, (लागत में सभी कर शामिल हैं) |
| | अनुमानित लागत | रु. 3,39,89,768.38 |
| | धरोहर राशि | रु. 3,20,000/- |
| | समापन अवधि | 12- माह. |
| | निविदा खुलने की तिथि | 03.10.2023 |

**सुचनाः** निविदा रेलवे की वैबसाइट 'www.ireps.gov.in' पर उपलब्ध है तथा इसी वैबसाइट पर 03.10.2023 15:00 बजे तक ही भरी जायगी. पत्र सं–128–ड्ब्ल्यु/वं.मं.अधि./सं/निविदा–5A-5B-23-24-ड्ब्ल्यु सी दिनांक–11.09.2023 2814/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# एक्शन इंडिया
## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
ए-15, जी टी करनाल रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, दिल्ली- 33
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, बुधवार, 13 सितंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अरुणाचल प्रदेश में बालीपारा-चार द्वार-तवांग (बीसीटी) रोड पर 500 मीटर लंबी नेचिफू सुरंग का उद्घाटन करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 244 पृष्ठ: 12 | RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# सीमा पर बुनियादी ढांचे हो रहे मजबूत: राजनाथ सिंह

## रक्षा मंत्री ने राष्ट्र को समर्पित की अरुणाचल प्रदेश में बनी 500 मीटर लंबी 'नेचिफू सुरंग'

**देश के नाम**

**आठ सीमावर्ती राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों की 90 बुनियादी परियोजनाओं का उद्घाटन**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश में बालीपारा-चार द्वार-तवांग (बीसीटी) रोड पर 500 मीटर लंबी नेचिफू सुरंग का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने जम्मू के देवक ब्रिज से सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की 90 बुनियादी ढांचा परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं। यह सभी परियोजनाएं देश के 8 सीमावर्ती राज्यों और 3 केंद्रशासित प्रदेशों में हैं। इसके साथ ही उन्होंने दुनिया का सबसे ऊंचा लड़ाकू हवाई क्षेत्र का निर्माण करने के लिए लद्दाख के न्योमा एयरबेस को अपग्रेड करने का उद्घाटन किया। रक्षा मंत्री ने जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में आयोजित समारोह में इन परियोजनाओं का वर्चुअली उद्घाटन किया। इसके बाद बीआरओ की उपलब्धियां गिनाते हुए उन्होंने कहा कि आपकी असली उपलब्धि यह है कि आपने अपने प्रयास से मुश्किल को आसान बना दिया। देश के नागरिकों ने सीमा क्षेत्र के विकास को एक उपलब्धि के रूप में लेना बंद कर दिया है, क्योंकि अब यह सामान्य हो गया है। एक महत्वाकांक्षी परियोजना शुरू करना और उसे समय पर पूरा करना नए भारत की अब सामान्य बात है। जैसे एक न्यूरोसर्जन का काम कठिन होता है, लेकिन जैसे-जैसे वह विशेषज्ञता हासिल करता है, उसकी दक्षता बढ़ती जाती है। जैसे इसरो ने चंद्रमा के शिव शक्ति प्वाइंट पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग की। एक समय था, जब इसरो के लिए उपग्रह लॉन्च करना मुश्किल था, लेकिन अब इसरो ने इसमें इतनी विशेषज्ञता हासिल कर ली है कि अब वह सिर्फ चंद्रमा और मंगल ग्रह ही नहीं, बल्कि सूर्य तक भी पहुंच गया है। इसी तरह दुर्गम क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे का विकास बीआरओ के लिए एक आसान काम बन गया है। बीआरओ ने अरुणाचल प्रदेश में बनाई गई नेचिफू सुरंग के उत्खनन कार्य के लिए आखिरी ब्रेक थ्रू ब्लास्ट पिछले साल मई में किया था। यह सुरंग दोतरफा यातायात में आधुनिक प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा सुविधाओं से लैस है। इस परियोजना की आधारशिला रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने ही 12 अक्टूबर 2020 को रखी थी।




### सुरंग में अत्याधुनिक इलेक्ट्रो-मैकेनिकल सिस्टम लगा

**नेचिफू** दर्रे के आसपास का मौसम अत्यधिक धुंधला रहता है, जिसकी वजह से कई दशकों से सामान्य यातायात और सैन्य काफिले को दिक्कत होती रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस सुरंग के निर्माण की योजना बनाई गई थी। इसलिए सुरंग में अत्याधुनिक इलेक्ट्रो-मैकेनिकल सिस्टम लगाया गया है, जिसमें अग्निशामक उपकरण, ऑटो रोशनी प्रणाली और डेटा अधिग्रहण (स्काडा) नियंत्रित निगरानी प्रणाली शामिल हैं। सुरक्षित पैदल चलने वालों की आवाजाही के लिए सुरंग के दोनों तरफ फुटपाथ बनाये गए हैं, जिसके नीचे पावर केबल और ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाई गई हैं। नेचिफू सुरंग परियोजना के साथ उसी सड़क पर अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग जिले में ट्विन ट्यूब की एक और रणनीतिक सुरंग सेला टनल प्रोजेक्ट अगले 20 दिनों में पूरा होने की उम्मीद है।

यह 13 हजार फीट और उससे अधिक ऊंचाई पर दुनिया की सबसे लंबी द्वि-लेन सुरंग होगी।

## 'डीजल वाहन पर 10 फीसदी अतिरिक्त कर लगाने का प्रस्ताव नहीं'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्रीय** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि डीजल वाहनों और जेनसेट पर अतिरिक्त जीएसटी लगाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। इससे पहले मीडिया के एक वर्ग में इस आशय की खबर आई थी कि गडकरी ने वायु प्रदूषण कम करने के लिए डीजल वाहनों पर अतिरिक्त 10 फीसदी जीएसटी लगाने को लेकर वित्त मंत्रालय को एक प्रस्ताव सौंपने वाले हैं। गडकरी ने मंगलवार को उत्सर्जन में कटौती में मदद के लिए डीजल वाहनों पर 10 फीसदी अतिरिक्त कर लगाने को लेकर स्पष्ट किया कि इस तरह का कोई भी प्रस्ताव सरकार के समक्ष विचाराधीन नहीं है।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में किसानों के अधिकारों पर पहली वैश्विक संगोष्ठी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में 59 देशों के प्रख्यात वैज्ञानिक और किसान शामिल हुए।

## भारत ने अफगानिस्तान को भेजी भरपूर मदद

### 50 हजार टन अनाज, 28 टन आपदा राहत सामग्री, 200 टन दवाइयां भेजीं

**टीम एक्शन इंडिया/न्यूयॉर्क**

**भारत** ने संयुक्त राष्ट्र संघ की 54वीं मानवाधिकार परिषद की बैठक में अफगानिस्तान को भरपूर मदद भेजे जाने की जानकारी दी है। साथ ही भारत ने अफगानिस्तान में शांति व स्थायित्व स्थापना की उम्मीद भी जाहिर की है।

अफगानिस्तान इस समय जबर्दस्त संकट से जूझ रहा है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की ओर से बताया गया कि अफगानिस्तान का पड़ोसी और विकास भागीदार होने का साथ भारत और अफगानिस्तान करीबी ऐतिहासिक सभ्यताएं हैं।

अफगानिस्तान में शांति और स्थायित्व के समर्थक होने के साथ भारत ने अफगानिस्तान में मानवाधिकार विकास संबंधी कार्यों की देखरेख की बात भी कही है।



यह भी जानकारी दी गयी कि भारत ने अफगानिस्तान में 50 हजार मीट्रिक टन अनाज, 28 टन आपदा राहत पैकेज, 200 टन दवाइयां, वैक्सीन और अन्य मेडिकल आइटम भिजवाए हैं। इसके अलावा अफगानिस्तान में 11 हजार यूनिट महिला स्वास्थ्य किट्स और कंबल भी अफगानिस्तान के महिला पुनर्वास केंद्रों को भेजे हैं। विश्व खाद्य कार्यक्रम ने भी संकट से जूझ रहे अफगानिस्तान के लोगों को मदद भेजने के लिए भारत की तारीफ की।

दो साल पहले तालिबान ने फिर से अफगानिस्तान की सत्ता कब्जाई थी, उसके बाद से ही अफगानिस्तान मानवीय संकट का सामना कर रहा है। भारत, अफगान लोगों के लिए चिकित्सा और खाद्य सहायता सहित अन्य मानवीय सहायता की आपूर्ति कर रहा है।

## 'वीरेंद्र देव दीक्षित के खातों को फ्रीज करने के लिए स्वतंत्र है सीबीआई'

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने सीबीआई से कहा है कि वो रेप के मामले में फरार चल रहे रोहिणी स्थित आध्यात्मिक विश्वविद्यालय के संस्थापक बाबा वीरेंद्र देव दीक्षित के खातों को फ्रीज करने के लिए स्वतंत्र है। चीफ जस्टिस सतीश चंद्र मिश्रा की अध्यक्षता वाली बेंच ने बाबा को गिरफ्तार करने की कोशिशों पर सीबीआई की रिपोर्ट पर गौर करने के बाद यह आदेश दिया। कोर्ट ने सीबीआई की रिपोर्ट पर संतोष जताते हुए कहा कि वो चाहे तो बाबा के बैंक खातों को फ्रीज करे और उसकी गिरफ्तारी के लिए कोशिश लगातार जारी रखे।

## राजद्रोह कानून का मामला संविधान बेंच को रेफर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने राजद्रोह कानून के मामले को संविधान बेंच को रेफर कर दिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ बेंच का गठन करेंगे। ये बेंच 1962 के केदारनाथ फैसले की समीक्षा करेगी। केदारनाथ के फैसले में भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए को वैध ठहराया गया था। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने नए प्रस्तावित आपराधिक कानून के पास होने तक इंतजार के लिए कहा। इस पर कोर्ट ने कहा कि नया कानून आ जाने पर भी भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए के तहत दर्ज मुकदमे खत्म



नहीं होंगे। इसलिए उसकी वैधता पर सुनवाई जरूरी है। सुनवाई के दौरान केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि जल्दबाजी न करें। उन्होंने कहा कि क्या कुछ महीनों का इंतजार नहीं किया जा सकता। पहले की सरकारों के पास बदलाव का मौका था लेकिन वो इससे चूक गए।

## मोनू मानेसर को हरियाणा पुलिस ने अरेस्ट किया

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** पुलिस ने मोनू मानेसर को गिरफ्तार कर लिया है। मोनू पर 31 जुलाई को नूंह में हुई हिंसा से पहले भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट डालने का केस है। नूंह पुलिस की साइबर क्राइम ब्रांच ने उसे गुरुग्राम से गिरफ्तार किया। मोनू को उसी के गांव मानेसर की मार्केट से पकड़ा गया। मोनू को गिरफ्तारी के बाद नूंह कोर्ट में पेश किया गया। जहां पुलिस ने उसका रिमांड मांगा, मगर कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भौंडसी जेल भेज दिया। मोनू मानेसर पर भिवानी में हुए राजस्थान के नासिर-जुनैद हत्याकांड में शामिल होने का आरोप है। इस केस में वह पिछले 8 महीने से फरार था। मोनू



की गिरफ्तारी का पता चलते ही राजस्थान पुलिस भी कोर्ट पहुंच गई। मोनू को जेल छोड़ने पहले ही राजस्थान पुलिस को उसका ट्रांजिट रिमांड मिल गया। इसके बाद हरियाणा पुलिस ने उसे राजस्थान पुलिस के हवाले कर दिया। उसे लेकर राजस्थान पुलिस रवाना हो गई है।

**सोशल मीडिया पोस्ट केस में हुई मोनू की गिरफ्तारी:** मोनू मानेसर के नाम से 26 अगस्त को एक पोस्ट डाली गई थी। जिसमें लिखा था- "परिणाम की चिंता हम नहीं करते, वार एक ही होगा, पर आखिर होगा...।'। सोशल मीडिया सैल के सिपाही मनोज कुमार ने नूंह साइबर क्राइम थाने में इसकी शिकायत दी। साइबर पुलिस ने इसकी जांच की तो पता चला कि यह पोस्ट मोनू मानेसर नाम के अकाउंट से डाली गई। पुलिस के मुताबिक इस अकाउंट होल्डर ने धर्म के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता फैलाई। अभद्र शब्दों का प्रयोग किया। धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई। लोक शांति भंग की। पुलिस ने इसकी जांच की तो पता चला कि मोनू मानेसर उर्फ मोहित यादव के नाम पर चल रहे मोबाइल नंबर से ही यह पोस्ट डाली गई। इसके बाद उसके खिलाफ धारा 153, 153अ, 295अ, 504, 109 क्ढउ और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया।

**गिरफ्त में**

**मोनू मानेसर पर भिवानी में हुए राजस्थान के नासिर-जुनैद हत्याकांड में शामिल होने का आरोप है**

## यूपी कैबिनेट: बुंदेलखंड में बसेगा नया औद्योगिक शहर



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**बुंदेलखंड** के सतत विकास के साथ-साथ वन ट्रिलियन इकॉनमी की अर्थव्यवस्था बनने के अपने संकल्प को पूरा करने के लिए योगी सरकार ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक निर्णय लिया है। लोकभवन में सीएम योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में सरकार ने नोएडा की तर्ज पर बुंदेलखंड में नया औद्योगिक शहर बसाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इस निर्णय से बुंदेलखंड के जिलों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा सकेगा और इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ ही यहां रोजगार की असीमित सुविधाओं का सृजन संभव हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में इससे पूर्व 1976 में औद्योगिक शहर नोएडा के गठन का निर्णय लिया गया था और अब 47 वर्षों के बाद एक नए शहर की स्थापना का निर्णय लिया गया है।

**संकल्प**

**जिलों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा सकेगा, रोजगार की असीमित सुविधाओं का सृजन संभव हो सकेगा**

**पहले चरण में 35 हजार एकड़ जमीन का अधिग्रहण :** कैबिनेट की बैठक के बाद वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने पारित हुए प्रस्तावों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में मुख्यमंत्री औद्योगिक क्षेत्र विस्तारीकरण व नए औद्योगिक क्षेत्र प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत झांसी में बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) द्वारा नोएडा की तर्ज पर एक नए इंडस्ट्रियल टाउनशिप को विकसित किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई है।

## 'स्टिच्ड शिप' से भारत की 2000 साल पुरानी समुद्री विरासत होगी पुनर्जीवित: लेखी

### प्राचीन सिले हुए जहाज का पुनर्निर्माण एक बहु-मंत्रालयी परियोजना है, जिसके डिजाइन और निर्माण की देखरेख भारतीय नौसेना के पास है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भारत की** प्राचीन समुद्री विरासत को पुनर्जीवित करने के मकसद से मंगलवार को गोवा में 'स्टिच्ड शिप' बनाने के लिए महत्वपूर्ण कील बिछाने का समारोह हुआ। इस अनूठी पहल के तहत लकड़ी के तख्तों के माध्यम से जहाजों को एक साथ सिलने की 2000 साल पुरानी भारतीय तकनीक पुनर्जीवित होगी। यह उन जहाजों की याद दिलाएंगे, जो कभी भारत को दुनिया से जोड़ने वाले प्राचीन समुद्री व्यापार मार्गों पर



महासागरों में चलते थे। भारतीय नौसेना, संस्कृति मंत्रालय और मेसर्स होदी इनोवेशन, गोवा के बीच 18 जुलाई को 22 महीनों में जहाज के निर्माण और वितरण के लिए त्रिपक्षीय अनुबंध हुआ था। संस्कृति मंत्रालय, भारतीय नौसेना, बंदरगाह नौवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के बीच यह सहयोगात्मक प्रयास प्राचीन नेविगेशन तकनीकों का उपयोग करके पारंपरिक समुद्री व्यापार मार्गों के साथ सिले हुए जहाज पर एक अनूठी यात्रा करने के साथ समाप्त होगा। यह उल्लेखनीय परियोजना भारत की सांस्कृतिक और सभ्यतागत विरासत का स्मरण करेगी, जिसमें समुद्री यात्रा और जहाज निर्माण एक महत्वपूर्ण पहलू था। आर हरि कुमार, प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल की उपस्थिति में संस्कृति और विदेश राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी ने प्राचीन सिले हुए जहाज की नींव रखी।

**अनूठी यात्रा**

**पारंपरिक समुद्री व्यापार मार्गों के साथ सिले हुए जहाज पर एक अनूठी यात्रा करने के साथ समाप्त होगा**

## देश का औद्योगिक उत्पादन जुलाई महीने में 5.7 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली:** औद्योगिक उत्पादन की रफ्तार में तेजी आई है। देश का औद्योगिक उत्पादन जुलाई में 5.7 फीसदी बढ़ा है। इससे पिछले महीने यह 3.7 फीसदी की दर से बढ़ा था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने यह जानकारी दी। एनएसओ की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित औद्योगिक उत्पादन जुलाई महीने में 5.7 फीसदी बढ़ा है। पिछले साल की समान अवधि में 2.2 फीसदी की वृद्धि हुई थी। वहीं, इससे पिछले महीने यह 3.7 फीसदी की दर से बढ़ा था।

## देश में 763 सांसद, 306 पर क्रिमिनल केस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**एसोसिएशन** फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने सांसदों पर दर्ज क्रिमिनल केस को लेकर रिपोर्ट जारी की है। इसमें बताया गया है कि देश के कुल 763 सांसदों में से 306 सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से 194 सांसदों के खिलाफ हत्या और महिलाओं से अत्याचार के गंभीर केस हैं। एडीआर ने यह रिपोर्ट लोकसभा और राज्यसभा सदस्यों की तरफ से दायर हलफनामे के हवाले से जारी की है।

**बिहार के सबसे ज्यादा 41 सांसदों के खिलाफ केस दर्ज:** रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि लक्षद्वीप से एक सांसद, केरल के 29 सांसदों में से 23, बिहार के 56 सांसदों में से 41, महाराष्ट्र के 65 सांसदों में से 37, तेलंगाना के 24 सांसदों में से 13 और दिल्ली के 10 सांसदों में से 5 के खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज हैं।

**यूपी के सबसे ज्यादा 37 सांसदों के खिलाफ गंभीर मामले दर्ज:** एडीआर ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि लक्षद्वीप से एक, बिहार के 56 सांसदों में से 28, तेलंगाना के 24 सांसदों में से 9, केरल के 29 सांसदों में से 10, महाराष्ट्र के 65 सांसदों में से 22 और यूपी के 108 सांसदों में से 37 के खिलाफ गंभीर मामले दर्ज हैं। राज्यसभा के 225 सदस्यों में 27 यानी (12%) अरबपति हैं। अरबपति सांसदों में सबसे ज्यादा संख्या भाजपा के सदस्यों की है। 225 में बीजेपी के 85 सदस्य हैं, जिनमें 6 यानी 7% सांसद अरबपति हैं। कांग्रेस के 30 सदस्यों में 4 यानी 13% अरबपति हैं। वाईएसआर कांग्रेस के 9 में से 4 (44%), आम आदमी पार्टी के 10 में 3 (30%) और इफ्र के 7 में 3 (43%) सांसद अरबपति हैं।

**रिपोर्ट जारी**

**इनमें से 194 सांसदों के खिलाफ हत्या और महिलाओं से अत्याचार के गंभीर केस हैं : एडीआर रिपोर्ट**

**जायजा लिया** प्रदेश के लोगों ने मजबूती से आपदा का सामना किया: प्रियंका गांधी, केन्द्र को राज्य की उदारतापूर्वक मदद करनी चाहिए: सीएम

## मुख्यमंत्री और प्रियंका गांधी ने कुल्लू में आपदाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू और राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने गत दिवस को जिला कुल्लू में भारी बारिश के कारण आपदाग्रस्त स्थानों का दौरा किया और प्रभावितों से भेंट की। दोनों नेताओं ने कुल्लू के संगम ब्रिज तथा मनाली के आलू ग्राउंड सहित विभिन्न स्थानों का बारिश से हुए नुकसान का निरीक्षण किया। लोगों ने प्रियंका गांधी को अवगत कराया कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू और राज्य सरकार ने



आपदा में उन्हें हर संभव मदद प्रदान की है। मनाली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के लोगों ने आपदा का मजबूती के साथ एकजुट होकर सामना किया है और राज्य के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खूए सभी मंत्री और कांग्रेस के विधायकों ने ग्राउंड जीरो पर रहकर लोगों की मदद की है। उन्होंने कहा कि राज्य के लोग श्रमदान कर रहे हैं और बढ़.चढ़ कर आर्थिक मदद भी प्रदान कर रहे हैं। जिस भावना के साथ राज्य के सभी लोगों ने इस मुश्किल घड़ी का सामना किया है, वह पूरे देश के लिए मिसाल है। राज्य सरकार अपने संसाधनों से प्रभावित परिवारों की भरपूर मदद करने का प्रयास कर रही है लेकिन केंद्र सरकार की मदद के बिना हिमाचल प्रदेश को फिर से पटरी पर लाना मुश्किल है इसलिए केंद्र सरकार को इस त्रासदी को राष्ट्रीय आपदा घोषित करना चाहिए और हिमाचल प्रदेश की खुल कर मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को हिमाचल प्रदेश की मदद करते हुए यह नहीं देखना चाहिए कि राज्य में कांग्रेस की सरकार है या भाजपा की।

**आपदाग्रस्त क्षेत्र**

**राज्य के लोग श्रमदान कर रहे हैं और बढ़.चढ़ कर आर्थिक मदद भी प्रदान कर रहे हैं : प्रियंका गांधी**

# संपादकीय

## मैक्रों की भारत और राहुल की फ्रांस यात्रा

**जी-20** शिखर सम्मलेन में दुनिया के दिग्गज नेता सहभागी हुए। सभी ने एक स्वर में भारत के विचार प्रस्ताव और सत्कार को विलक्षण बताया। इन विदेशी मेहमानों को ऐसा उदार चिंतन पहले किसी अन्य सम्मेलन में देखने को नहीं मिला था। यह संयोग था कि इसी समय राहुल गांधी विदेश यात्रा पर थे। इसके पहले नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा के पहले भी राहुल गांधी ने संयोग बनाया था। मोदी की यात्रा से ठीक पहले वह अमेरिका गए थे। उनकी प्रत्येक विदेश यात्रा में भारत की प्रतिष्ठा के अनुरूप कोई बयान नहीं होता। हर बार, हर जगह एक जैसे बयान। इस बार भी उन्होंने फ्रांस में वही दोहराया। कहा कि भारत में लोकतंत्र, संविधान पर हमला हो रहा है, आवाज को दबाया जाता है, मुसलमानों दलितों को निशाना बनाया जा रहा है, केरोसिन छिड़क दिया गया है...आदि। इतना ही नहीं राहुल ने मणिपुर पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में भी विचार व्यक्त किए। उसका भी लब्बोलुआब वही जो वह लोकसभा में बोल चुके थे। लेकिन जब प्रधानमंत्री मोदी जवाब दे रहे थे तो राहुल अपने समर्थकों के साथ बहिर्गमन कर गए थे, क्योंकि मोदी उनको आईना दिखा रहे थे। वस्तुतः राहुल गांधी भारत और नरेन्द्र मोदी के विरोध का अन्तर समझने में असमर्थ हैं। इसलिए विदेशों में उनके बयान भारत की छवि के प्रतिकूल हो जाते हैं। एक तरफ राहुल अपने उसी अंदाज में बयान दे रहे थे, दूसरी तरह जी-20 सम्मेलन में भारत की जय-जयकार हो रही थी। सभी विदेशी नेता मोदी के मुरीद बन गए थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब आपदा में अवसर का विचार दिया, तब आत्मनिर्भर भारत अभियान का शुभारंभ हो गया। भारत ने कोरोना की दो वैक्सीन सबसे पहले बना कर विकसित देशों को भी चौंका दिया। पहले विकसित देश वैक्सीन बनाते थे। दशको बाद वह भारत को नसीब होती थी। भारत का पिछला चन्द्रयान अभियान विफल हुआ था। नरेन्द्र मोदी इसरो के वैज्ञानिकों से मिलने पहुंचे। उन्होंने विफलता में अवसर का विचार दिया। वैज्ञानिकों ने कमियों को दूर किया। इसके बाद चन्द्रयान अभियान सफल हुआ। इसी प्रकार नरेन्द्र मोदी ने जी-20 की अध्यक्षता को अवसर में बदल दिया। भारतीय विचार और संस्कार की दुनिया में गूंज हुई। वसुधैव कुटुम्बकम जी-20 का ध्येय वाक्य बन गया। ब्राजील को अध्यक्षता की कमान सौंपी गई। नरेन्द्र मोदी ने घोषणा पत्र से लेकर जितने भी प्रस्ताव किए, उन सभी को सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। यह अध्यक्षता में अवसर का बेमिसाल प्रमाण है। राहुल गांधी ने पेरिस में छात्रों और शिक्षाविदों को संबोधित किया। राहुल ने कहा कि मैंने गीता पढ़ी है, कई उपनिषद पढ़े हैं, मैंने कई हिंदू धर्म से जुड़ी किताबें पढ़ी हैं, भाजपा जो करती है उसमें हिंदू धर्म जैसा कुछ भी नहीं है। विपक्षी दलों का गठबंधन भारत के लोकतांत्रिक ढांचों को बचाने के लिए लड़ रहा है। विपक्ष भारत की आत्मा के लिए लड़ने को लेकर प्रतिबद्ध है। देश मौजूदा उथल-पुथल से सकुशल बाहर आ जाएगा। निचली जातियों, अन्य पिछड़ी जातियों, आदिवासियों और अल्पसंख्यक समुदायों की अभिव्यक्ति और भागीदारी को रोका जा है। प्रधानमंत्री यह फैसला कर लें कि भारत में कोई अहंकारपूर्ण आचरण या कोई हिंसा नहीं करेगा, तो यह रुक जाएगा।

# हिंदी सनातन संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक



सुनील कुमार महला

> "अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी को एक नई पहचान मिली है। यूनेस्को की सात भाषाओं में हिंदी को भी मान्यता मिली है।आज संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाओं में भी हिंदी की गूंज सुनाई देने लगी है। हिंदी के महत्व को गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर ने बड़े सुंदर रूप में प्रस्तुत किया था। उन्होंने कहा था, भारतीय भाषाएं नदियां हैं और हिंदी महानदी। ग्रियर्सन हिंदी के बारे में अपने विचार रखते हुए यह कहते हैं कि 'हिंदी संस्कृत की बेटियों में सबसे अच्छी और शिरोमणि है।' महात्मा गांधी जी ने एक बार यह बात कही थी कि 'हिंदुस्तान के लिए देवनागरी लिपि का ही व्यवहार होना चाहिए, रोमन लिपि का व्यवहार यहाँ हो ही नहीं सकता।' उनका यह मानना था कि राष्ट्रीय व्यवहार में हिन्दी को काम में लाना देश की शीघ्र उन्नति के लिए आवश्यक है"

**प्रत्येक** वर्ष 14 सितंबर को राष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाया जाता है। दरअसल भारत में हिंदी को आधिकारिक दर्जा मिलने की खुशी में यह दिवस मनाया जाता है। जानकारी देना चाहूंगा कि हिन्दी को भारत की संविधान सभा ने 14 सितम्बर, 1949 को राजभाषा के रूप में अंगीकार किया था, यही कारण है कि भारतवर्ष में प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। हिंदी, भारत की राजभाषा यानी कि आफिशियल लेंग्वेज है और हमारे देश की विविधता का प्रतीक है। यदि हम यहां आंकड़ों की बात करें तो आज भारत की करीब 57 फीसदी से ज्यादा आबादी हिन्दी बोलती और समझती है। आजादी के आंदोलन के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ पूरे देश को एकजुट करने में हिन्दी की भूमिका काफी महत्वपूर्ण व अहम रही है और यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है।यह भाषा हमारी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का भी अनूठा व नायाब प्रतीक है।हिंदी दिवस के मौके पर हमें अपनी मातृभाषा के प्रति समर्पित रहना चाहिए। हिंदी हमारे संविधान का अधिकार है और यह हमें राष्ट्रीय एकता की ओर बढ़ाती है।

हिंदी को सीखना और उसे सुरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी और हमारा परम कर्तव्य भी है, ताकि हमारी समृद्ध भाषा धरोहर को बचाया और इसे देश में अधिकाधिक बढ़ावा दिया जा सके, प्रचलित और प्रसारित किया जा सके। जानकारी देना चाहूंगा कि इस बार हिंदी एवं तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन संयुक्त रूप से पुणे, महाराष्ट्र में 14 एवं 15 सितंबर 2023 को आयोजित किया जा रहा है। जानकारी देना चाहूंगा कि माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी की अध्यक्षता में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा हिंदी दिवस 2022 एवं द्वितीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का भव्य आयोजन सूरत, गुजरात में किया गया था। इसी प्रकार से प्रथम अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन वाराणसी में किया गया था। संविधान के अनुच्छेद 343(1) के अनुसार संघ की राजभाषा हिंदी और इसकी लिपि देवनागरी है।संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाले अंकों का रूप भारतीय अंकों का अंतराष्ट्रीय रूप है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि जनतांत्रिक आधार पर हिंदी विश्व भाषा है क्योंकि उसके बोलने-समझने वालों की संख्या संसार में तीसरी है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि विश्वभर की भाषाओं का इतिहास रखने वाली संस्था ह्यएथ्नोलॉगह्ल के द्वारा हिंदी को दुनियाभर में सर्वाधिक बोली जाने वाली तीसरी भाषा बताया गया है।यह बात हम सभी को गौरवान्वित करती है कि विश्व के 132 देशों में जा बसे भारतीय मूल के लगभग 2 करोड़ लोग हिंदी माध्यम से ही अपना कार्य निष्पादित करते हैं। एशियाई संस्कृति में अपनी विशिष्ट भूमिका के कारण हिंदी एशियाई भाषाओं से अधिक एशिया की प्रतिनिधि भाषा है। आज हिंदी शनैःशनैः सर्वव्यापी होती चली जा रही है, हिंदी में प्रचुर साहित्य की उपलब्धता है, यह सरल,सहज और वैज्ञानिक शब्दावली लिए बहुत ही दमदार भाषा है। यहां तक कि बनावट की दृष्टि से सरलता और वैज्ञानिकता और सब प्रकार के भावों को प्रकट करने की सामर्थ्य आदि सभी गुण हिंदी में समाहित हैं।हम में से बहुत से लोगों का यह मानना है कि हिंदी हमारे देश की राष्ट्रभाषा है, लेकिन यह सच नहीं है। हिंदी हमारी मातृभाषा है, देश की प्रथम राजभाषा है और यह राष्ट्रभाषा के रूप में कहीं भी अब तक पंजीकृत नहीं है। वास्तव में सच तो यह है कि भारत की यह आर्टिकल लिखने तक कोई भी आधिकारिक राष्ट्रीय भाषा नहीं है। बावजूद इसके हिंदी इस देश की आत्मा है, प्राण है।एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की अनूठी पहचान है बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, हमारी सनातन संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है। वास्तव में हिंदी हमारे पारम्परिक ज्ञान, प्राचीन सभ्यता और आधुनिक प्रगति के बीच एक सेतु भी है। हिंदी भारत संघ की राजभाषा होने के साथ ही ग्यारह राज्यों और तीन संघ शासित क्षेत्रों की भी प्रमुख राजभाषा है। संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल अन्य इक्कीस भाषाओं के साथ हिंदी का एक विशेष स्थान है।यह विडंबना ही है कि आज हिंदी देश की राजभाषा होने के बावजूद हर जगह अंग्रेजी का वर्चस्व कायम है। हिंदी जानते हुए भी लोग हिन्दी में बोलने, पढ़ने या काम करने में हिचकने लगे हैं। कहना गलत नहीं होगा कि हिंदी अनुवाद की नहीं बल्कि संवाद की भाषा है। किसी भी भाषा की तरह हिंदी भी मौलिक सोच की भाषा है। विश्वभर में करोड़ों की संख्या में भारतीय समुदाय के लोग एक संपर्क भाषा के रूप में हिंदी का इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी को एक नई पहचान मिली है। यूनेस्को की सात भाषाओं में हिंदी को भी मान्यता मिली है।आज संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाओं में भी हिंदी की गूंज सुनाई देने लगी है। हिंदी के महत्त्व को गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर ने बड़े सुंदर रूप में प्रस्तुत किया था। उन्होंने कहा था, भारतीय भाषाएं नदियां हैं और हिंदी महानदी। ग्रियर्सन हिंदी के बारे में अपने विचार रखते हुए यह कहते हैं कि 'हिंदी संस्कृत की बेटियों में सबसे अच्छी और शिरोमणि है।' महात्मा गांधी जी ने एक बार यह बात कही थी कि 'हिंदुस्तान के लिए देवनागरी लिपि का ही व्यवहार होना चाहिए, रोमन लिपि का व्यवहार यहाँ हो ही नहीं सकता।' उनका यह मानना था कि राष्ट्रीय व्यवहार में हिन्दी को काम में लाना देश की शीघ्र उन्नति के लिए आवश्यक है। (जस्टिस) कृष्णस्वामी अय्यर ने हिंदी के बारे में एक बार यह कहा था कि 'समस्त भारतीय भाषाओं के लिए यदि कोई एक लिपि आवश्यक हो तो वह देवनागरी ही हो सकती है।'वाल्टर चेनिंग कहते हैं कि 'विदेशी भाषा का किसी स्वतंत्र राष्ट्र के राजकाज और शिक्षा की भाषा होना सांस्कृतिक दासता है।' बहरहाल, कहना गलत नहीं होगा कि हिंदी आज सिर्फ साहित्य की भाषा नहीं है, बल्कि बाजार की भी भाषा है। उपभोक्तावादी संस्कृति ने विज्ञापनों को जन्म दिया, जिससे न केवल हिंदी का अनुप्रयोग बढ़ा, बल्कि युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी मिले हैं। आज हिंदी सोशल नेटवर्किंग साइटस की भाषा है, मेडिकल, इंजीनियरिंग क्षेत्रों में भी हिंदी के प्रयोग को लगातार बढ़ावा मिल रहा है। अगर हिंदी बोलने वाले लोगों की संख्या की बात की जाए तो विश्वभर में 75 करोड़ से भी ज्यादा लोग हिन्दी बोलते हैं। इंटरनेट पर भी हिंदी का चलन दिनों-दिन तेजी से बढ़ रहा है। आज हिंदी समाचार पत्रों की भाषा है, पत्र पत्रिकाओं की भाषा है और पाठकों को यह जानकारी प्राप्त करके हैरानी होगी कि कुछ वर्ष पूर्व डिजिटल माध्यम में हिन्दी समाचार पढ़ने वालों की संख्या करीब साढ़े पांच करोड़ थी, जो अब बढ़कर 15 करोड़ से भी ज्यादा हो जाने का अनुमान है। फिल्म जगत में तो हिंदी कायम है ही। हिंदी के बढ़ते वर्चस्व को देखते हुए विदेशी लोगों को भी आज हिंदी सीखनी पड़ी रही है। उधोगों, वाणिज्यिक जगत, कारपोरेट जगत, शिक्षा आज हिंदी का उपयोग कहां नहीं हो रहा है कोई भी क्षेत्र आज हिंदी से अछूता नहीं रह गया है। सच तो यह है कि भूमंडलीकरण अथवा वैश्वीकरण के दौर में हिंदी वैश्विक परिदृश्य में अपना महत्त्वपूर्ण स्थान बना रही है। उपभोक्तावादी संस्कृति ने हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में काफी योगदान दिया है। बाजार के दृष्टिकोण से बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ विज्ञापनों और बाजार की भाषा को समझने के लिए लगातार हिंदी की ओर बढ़ रही हैं।




# कविता

पंखुड़ियां सा तेरे सामनें बिखर
जायेंगे !
गजरे सा तेरे गेसुओं में संवर जाएंगे।

जरा अपनी सांसों को रखिए महफूज,
खुशबू सा तेरी सांसो मे ठहर जायेंगे!

महसूस करने की कोशिश तो कीजिए!
यादों सा तेरे दिल मे उतर जायेंगे!!

जेहन में रहकर भी, क्यों इतनी दूरियां,
नजदीक आइये,थोड़ा हम भी निखर
जाएंगे।

जरा नजरें इनायत तो करिए हुजूर,
दूर होकर भी बेहद नजदीक नजर
आएंगे!!

इंतजार की अब इन्तहाँ हो गई शायद,
थोड़ा हम भी तेरी जुल्फों में ठहर
जाएंगे।

संजीव ठाकुर

## अब अदालतें भी चिन्तित हैं माता-पिता की उपेक्षाओं पर

**ललित गर्ग**

**नये बन रहे** समाज एवं पारिवारिक संरचना में माता-पिता का जीवन एक त्रासदी एवं समस्याओं का पहाड़ बनता जा रहा है, समाज में बच्चों के द्वारा बुजुर्ग माता-पिता की उपेक्षाओं एवं उनके प्रति बरती जा रही उदासीनता इतनी अधिक बढ़ गयी है कि अदालतों को दखल देना पड़ रहा है। माता-पिता भोजन-पानी, दवाई, जरूरत की चीजों से महरूम ही नहीं हो रहे हैं बल्कि उनके सम्मान की स्थितियां भी नगण्य होती जा रही है। वृद्ध माता-पिता की यह दुर्दशा एक विकराल समस्या के रूप में उभर रही है। सुविधावाद, भौतिकता एवं धन के बढ़ते वर्चस्व के बीच माता-पिता अपने ही बच्चों की प्रताड़ना के शिकार है। ऐसी बढ़ती समस्याओं पर नियंत्रण के लिये अदालतों को न सिर्फ दखल देना पड़ रहा है बल्कि बच्चों को पाबंद करना पड़ रहा है कि वे अपने बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल करें और उनको सम्मान दें। मद्रास उच्च न्यायालय का ऐसा ही एक फैसला आज के समाज में खून के रिश्तों पर सवाल खड़ा करने वाला है। न्यायालय ने अपने फैसले में साफ किया है कि बुजुर्ग अभिभावकों की इच्छा पूरी करना बच्चों का दायित्व है। न्यायालय का यह फैसला सिर्फ किसी बच्चे और अभिभावकों के बीच संपत्ति विवाद तक सीमित नहीं है। इसे व्यापक अर्थों में देखने और समझने की जरूरत है। संवेदनशील मानसिकता के निर्माण से समाज का माहौल बदल सकता है। अदालत चाहती है कि वृद्ध माता-पिता को उदासीनता एवं उपेक्षा से मुक्ति देकर उन्हें सुरक्षा कवच मानने की सोच को विकसित किया जाये ताकि एक आदर्श परिवार की संरचना को जीवंत किया जा सके एवं वृद्धों के स्वास्थ्य, निष्कंटक एवं कुंठारहित जीवन को प्रबंधित किया जा सकता है। वृद्धों को बंधन नहीं, आत्म-गौरव के रूप में स्वीकार करने की अपेक्षा को अदालत ने उजागर कर समाज को जागृत करने का सराहनीय काम किया है। ऐसा युग जहां रिश्तों की जगह धन हावी होता जा रहा है। इसी कारण वृद्धों को लेकर गंभीर समस्याएं आज पैदा हुई हैं, ये समस्याएं अचानक ही नहीं हुई, बल्कि उपभोक्तावादी संस्कृति तथा महानगरीय अधुनातन बोध के तहत बदलते सामाजिक मूल्यों, नई पीढ़ी की सोच में परिवर्तन आने, महंगाई के बढ़ने और व्यक्ति के अपने बच्चों और पत्नी तक सीमित हो जाने की प्रवृत्ति के कारण खड़ी हुई हैं। चिन्तन का महत्वपूर्ण पक्ष है कि वृद्धों की उपेक्षा के इस गलत प्रवाह को रोके, इसी बात पर अदालत ने अपने फैसले में बल दिया है। क्योंकि सोच के गलत प्रवाह ने न केवल वृद्ध माता-पिता के जीवन को दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया है। सवाल यह है कि जो माता-पिता कष्ट सहकर भी अपने बच्चों को अच्छी जिंदगी देने की भरपूर कोशिश करते हैं, उन्हीं मां-बाप के बुजुर्ग होने पर बच्चे उनकी देखभाल से जी क्यों चुराने लगते हैं?

# विचार

## हिंदी की खाइए और अंग्रेजी की गाइए

**प्रभुनाथ शुक्ल**

**गजोधर भ**ईया हिंदी की उन्नति को लेकर बेहद परेशान रहते हैं। बेचारे हिंदी के विकास में खुद का विकास खोजते हैं। सितंबर का पुण्य मास लगते ही उनका मुरझाया चहेरा खिल उठता है। उनके भीतर सुस्त पड़ा संवृद्ध हिंदी का सपना कुलाचें मारने लगता है। क्योंकि पवित्र मास का दूसरा पखवाड़ा हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका इंतजार अनेका नेक हिंदी प्रेमियों को रहता है। जिस तरह पितृपक्ष में पितरों का तर्पण पखवाड़ा होता ठीक उसी तरह अपनी बेचारी हिंदी को याद किया जाता है। 14 सितंबर से हिंदी का श्राद्ध पखवारा मनाया जाता है। इस दौरान हिंदी विकास को लेकर बड़ा शोर रहता है। सरकारी कार्यालय और बैंकों में हिंदी को संवृद्ध करने के लिए बड़े-बड़े पोस्टर लगते हैं। सभी को हिंदी में कार्य करने की नसीहत दी जाती है। इस दौरान अनेक हिंदी सेवियों को सम्मानित किया जाता है। यह ऐसे लोग रहते हैं जिनका प्रेम सिर्फ मंच और सोशलमिडिया तक हिंदी प्रेम दीखता है। क्योंकि सितंबर माह आने पूर्व हिंदी सेवी की तैयारी में वे जुट जाते हैं। तमगा लेने बाद फिर अंग्रेजी मैम के के लिए काम करते हैं। अगर आप हिंदी सेवी हैं तो आपको मालूम होगा कि पितृपक्ष का समय भी हिंदी श्राद्ध पखवाड़े के ठीक बाद आता है।

कितना अच्छा संयोग है। बेचारी हिंदी को 365 दिन कोई नहीं पूछता, लेकिन 15 दिन बेचारी सरकार से लेकर साहित्यकार की जुबान पर होती है। लेकिन पखवारा बीतने के बाद कोई घास नहीं डालता। ठीक वैसे ही जैसे चुनाव जीतने के बाद सरकार और नेता जनता को भूल जाते हैं। हमारे गाजोधर भईया हिंदी के सबसे बड़े सेवक माने जाते हैं। मोहल्ले में उन्हें हिंदीसेवी के रूप में जाना जाता है। हिंदी पखवाड़े भर उन्हें फुर्सत नहीं मिलती है। हर जगह उन्हें सम्मानित किया जाता है। साल, नारियल, प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र से उनका घर भर जाता है। लेकिन हिंदी पखवारा बीतने के बाद उन्हें कोई घास नहीं डालता। गजोधर भईया जैसे हिंदी सेवी की दुर्गति उस समय और बढ़ जाती है जब रुकी हुईं वृद्धा पेंशन को चालू करवाने के लिए विभाग के उसी बाबू की जेब गर्म करते हैं जिसने हिंदी दिवस पर उन्हें अंगवस्त्र और श्रीफल भेंट किया था। उस समय उनकी हिंदीसेवा का त्याग अखाड़े में पटखनी खाए पहलवान की तरह होता है। लेकिन अब करें क्या दुनिया के दस्तूर को भला वे कैसे मिटा सकते हैं। वैसे उन्हें अंग्रेजी बिल्कुल नहीं पसंद है। यह बात अलग है की हिंदी की खाल ओढ़कर वे अंग्रेजी से ईलू-ईलू करते हैं। उन्हें अंग्रेजी नाम से भी बड़ी नफरत है। लेकिन अंग्रेजी नहीं बोलते। हाँ अपने कुत्ते का नाम डैनियल, बिल्ली का नाम मर्सी, तोते का नाम टॉम ही रखते हैं। हिंदी नहीं अंग्रेजी गाने पर वे डांस करते हैं। बेटे का नाम इंग्लिश मीडियम स्कूल में लिखवाते हैं। चुनाव में बढ़िया-बढ़िया नारा वे अंग्रेजी में ही गढ़ते हैं। वैसे भी गाजोधर भईया हिंदी दिवस अंग्रेजी में मानते हैं। लोगों को हिंदी दिवस की बधाई अंग्रेजी में लिख कर देते हैं। रात्रि को भोजन नहीं डिनर करते हैं। दोपहर को लंच और सुबह गुड़ मॉर्निंग करते है। सुबह टहलने नहीं मॉर्निंग वॉक पर जाते हैं। हिंदी के लिए जब मोबाइल कि की-पैड दबाते हैं तो अंग्रेजी में ही उन्हें हिंदी के लिए एक नहीं वन दबाना पड़ता है। मोबाइल पर बातचीत शुरू करने के पूर्व वे हैलो करते हैं। उनका पोता नमस्ते नहीं गुड़ मॉर्निंग करता है। रात्रि में गुड़ नाईट और बाय-बाय बोलता है।

जन्मदिवस की शुभकामना का संदेश वह हैप्पी बर्डे टू यू बोल कर देते हैं। फेसबुक पर वह नाइस, रिप और वेलकम बोलते हैं। पोते-पोती को पढ़ाते हैं तो ए फॉर एप्पल और बी फॉर बॉल बोलते हैं। एक -दो-तीन-चार, हिंदी बोलो बार-बार पढ़ाने के बजाय वे वन टू का फोर, फोर टू का वन, माई नेम इज गाजोधर पढ़ाते हैं। फिर तुम्हीं बताओ गजोधर भईया ! खाओगे हिंदी का और गाओगे अंग्रेजी का। सिर्फ शाल ओढ़ कर हिंदी को बचाओगे। गजोधर भईया आप जैसे लोग हिंदी की लुटिया नहीं डूबाएंगे तो क्या करेंगे।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## जी-20 सम्मेलन से विश्व बिरादरी में बढ़ी भारत की प्रतिष्ठा

**राजेश माहेश्वरी**

**इसमें को**ई दो राय नहीं है कि तमाम तरह की आशंकाओं को दरकिनार करते हुए जी-20 सम्मेलन भव्यता और गर्वितभाव से संपन्न हुआ। इस पूरे आयोजन का श्रेय मोदी सरकार और देष की जनता को जाता है। टीम मोदी ने जिस बेहतर तरीके से इस बड़े आयोजन को पूर्णता तक पहुंचाया उसकी जितनी तारीफ की जाए उतनी कम है। सफल सम्मेलन के बाद विश्व बिरादरी में भारत की प्रबंधन क्षमता के साथ ही कूटनीतिक कौशल की जय-जयकार हो रही है। पिछले साल जी-20 की मेजबानी मिलने के बाद से ही भारत सरकार इसकी तैयारियों में जुट गई थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक इसकी तैयारी को लेकर देश के 50 से अधिक शहरों में करीब 200 बैठकों का आयोजन किया गया। जी-20 विश्व के 20 सबसे ताकतवर देशों का एक समूह है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक, कूटनीतिक और पर्यावरण के मुद्दों पर विचार-विमर्श करता है। साथ ही इसका हल निकालने की कोशिश करता है। वास्तव में इस आयोजन की तैयारी इस तरीके से की गई थी कि विदेशी मेहमानों को भारत की विरासत और सांस्कृतिक खूबसूरती का सहज अनुभव हो सके। भारत की आंचलिक विविधता के साथ ही सांस्कृतिक विरासत को जिस प्रभावशाली ढंग से विदेशी मेहमानों के समक्ष पेश किया गया उससे इस सम्मेलन की खूबसूरती और बढ़ गई। राजघाट पर महात्मा गांधी की समाधि के समक्ष 20 राष्ट्रप्रमुखों का एक साथ श्रद्धावनत खड़े होने का दृश्य भारतीय चिंतन के प्रति वैश्विक स्वीकृति का प्रमाण कहा जा सकता है।

विकसित और विकासशील देशों के प्रतिनिधियों के अलावा अनेक अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संगठनों के जो प्रमुख इस सम्मेलन के दौरान दिल्ली में उपस्थित रहे वे सब भी बदले हुए भारत को देखकर अभिभूत हो उठे। भारत ने जी-20 शिखर सम्मेलन को सफल बनाने के लिए अपने कूटनीतिक कौशल का जैसा परिचय दिया है, वैसा इसके पहले शायद ही इस समूह की अध्यक्षता करने वाले किसी देश ने दिया हो। जी-20 समिट भारत के लिहाज से काफी कामयाबी वाला रहा।

## ओम् स्वाहा...

**डॉ. सुरेश कुमार**

**चुनावी** वादे भगवीता के सार की तरह होते हैं। जो कल किसी का था, आज वह किसी का है और परसों किसी और का होगा। इस सार से सत्ता और विपक्ष दोनों डरते हैं। साथ ही लाभ भी उठाते हैं। पार्टियाँ प्रायः चुनाव के समय डरी-डरी सी रहती हैं। बाकी दिनों में जनता को डराती रहती हैं। पार्टियों को बड़े खतरे की आशंका हुई। कुछ शुभचिंतकों ने सोचा कि इससे पहले पानी सिर के पार हो जाए आलाकमान को सचेत करने में अपनी भलाई है। भली-भांति जानते हैं कि सरकारी व्यवस्था में सरकार हमेशा चाकू और शुभचिंतक तरकारी की तरह होते हैं। हर हाल में कटना तो तरकारी को ही है। बात जब आलाकमान तक पहुंची तो मुखिया पहले थोड़ा परेशान हुए। फिर सोचा मुखिया का काम तो परेशान करना होता है न कि परेशान होना। वैसे भी बैसाखी और परेशानी से चलने वाला कोई भी मुखिया मुंह के बल धड़ाम से गिरता है। अफरा-तफरी में आपातकालीन बैठक बुलाई गई। आपातकालीन बैठक में हमेशा आपातकाल के नाम पर आफत काल का माहौल तैयार होता है। यही वह मौका होता है जब आलाकमान के सभी लोग एक दूसरे से मिल बैठकर तोड़ने जोड़ने और अपनी भड़ास निकालने का पूरा लाभ उठाते हैं। इसीलिए आलाकमान बैठकों से अधिक उठापटक में विश्वास रखता है। जैसे तैसे आलाकमान की बैठक आरंभ हुई। मुखिया ने अपनी गिद्दी नजर सब पर गड़ाई। उन्हें डराने लगा। कहा- हमारे पीठ पीछे पार्टी की थाली में छेद करने की साजिश रची जा रही है। हमारा विरोधी कुछ बड़ा करने की फिराक में है। आज के समय में विरोधी का जीवित रहना हमारी नपुंसकता का परिचायक है। मुखिया की बात सुन सभी गहरे चिंतन में डूब गए। या यूँ कहिए सोचने के नाम पर कुछ सो गए तो कुछ खो गए। वैसे भी भीड़ में कभी सांप नहीं मरता। मुखिया जान गए थे कि जिन्होंने जीवन भर लूटपाट, डकैती और डकारने के लिए हाथ पैर और पेट का इस्तेमाल किया हो उनसे बुद्धि वाला कार्य करवाना सबसे बड़ी बेवकूफी है। आखिरकार मुखिया ने हल ढूंढ निकाला। निर्णय किया कि कस्बे के सभी भेड़ों को ठंडी से बचने के लिए ऊनी स्वेटर बांटे जाएंगे। यह सुनकर विरोधी सुन्न और भेड़ प्रसन्न हो गए।

# विज ने होम्योपैथिक अस्पताल का किया उद्घाटन

## यह अस्पताल प्रदेश का पहला राजकीय होम्योपैथिक अस्पताल है

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**गृह एवं स्वास्थ्य** मंत्री अनिल विज ने जिला अंबाला के गांव रामपुर में राजकीय होम्योपैथिक अस्पताल का उद्घाटन किया। यह अस्पताल प्रदेश का पहला राजकीय होम्योपैथिक हस्पताल है।
प्रदेश का पहला राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज और अस्पताल चँदपुरा में निर्माणधीन है। इसी मेडिकल कॉलेज को शुरू करने के लिए इससे पूर्व 2 साल के लिए अस्पताल का चलाया जाना आवश्यक है। इसके बाद यह अस्पताल मेडिकल कॉलेज की बिल्डिंग में शिफ्ट कर दिया जाएगा।
इस अस्पताल के खुलने से विद्यार्थियों के साथ.साथ लोगों को भी होम्योपैथिक चिकित्सा प्रदान होगी। गृह एवं स्वास्थ्य



मंत्री अनिल विज के विशेष प्रयासों से ग्राम रामपुर स्थित सामुदायिक केंद्र के भवन में राजकीय होम्योपैथिक अस्पताल के नवीनीकरण का कार्य पंचायतीराज विभाग द्वारा पूरा कर लिया गया है।
गृह मंत्री अनिल विज ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि यहां पर 65 करोड़ रुपए की लागत से होम्योपैथिक

**स्वास्थ्य पर जोर**

**▶▶ यह अस्पताल प्रदेश का पहला राजकीय होम्योपैथिक हस्पताल है। पहला राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज और अस्पताल चँदपुरा में निर्माणाधीन है**

कॉलेज बनाया जा रहा है। उसमें 1 साल में 100 बच्चे एडमिशन ले सकते है। किसी भी कॉलेज में एडमिशन लेने के कॉलेज के अस्पताल का 2 साल पहले अस्पताल चलना जरूरी है। उन्होंने कहा कि उक्त स्थान पर सामुदायिक केंद्र था। यहां पर अस्पताल स्थापित कर दिया गया है। इससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ अन्य लोगों को भी फायदा होगा। उन्होंने कहा कि यह 20 बेड का अस्पताल है। इस अस्पताल में होम्योपैथी चिकित्सा सुविधा के साथ.साथ लैबए ई0सी0जी0 व माईनर ओ0टी0 की सुविधा उपलब्ध है ।
तथा आने वाले समय में एक्स.रे व अल्ट्रासाउंड की सुविधा भी सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई जाएगी।
विज ने बताया कि यह अस्पताल क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाएगा। साथ ही गृहमंत्री ने यह भी बताया कि करधान में नेशनल कॉमनिकेबल एनसीडीसी सैंटर बनने जा रहा है।
इसके लिए हमने जमीन ले ली है। यह केंद्र सरकार की योजना है। उन्होंने बताया कि अपने कुछ टेस्ट जांच के लिए दिल्ली जाया करते थे लेकिन अब अंबाला में ही इन टैस्टों की जांच हो सकेगी।

## खरीद से पहले अनाज मंडी में धान की आवक शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** अंबाला शहर की नई अनाज मण्डी में से धान की आवाक शुरू हो गई है। आज अनेक किसान अनाज मण्डी में धान लेकर पहुंचे।



धान देखते ही एक तरफ जहां आढतियों के चेहरे खिल उठे तो वहीं दूसरी ओर अब मण्डी में एक बार फिर से फसल का आना शुरू हो जाएगा। कुछ आढतियों ने बताया कि धान खरीद से पहले ही फसल खरीद की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके साथ ही लेबर का काम करने के लिए लोग पहुंचने लग गए है। गौरतलब है कि इस बार धान की आवत ज्यादा होने वाली है। जिसके चलते प्रशासन ने भी तैयारियां शुरू कर दी है। सरकार की ओर से भी आदेश जारी हुए है कि 20 सिंतबर से धान की खरीद शुरू हो सकती है।

## समस्याओं को लेकर सेक्टर-9 के वासियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन




**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अंबाला** शहर सेक्टर 9 के निवासीयों की समस्यायो का हल नही होने से सेक्टरवासीयो मे रोष देखने को मिला। सेक्टर में पीने के पानी से लेकर गंदे पानी की निकासी तक का हल नही होने से खफा आज सेक्टर 9 के निवासियों ने सड़कों पर उतर कर रोष प्रकट किया और अंबाला उपायुक्त कार्यालय अपनी मांगों का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।
लोगों ने एसडीएम को कहा कि अंबाला शहर का सेक्टर 9 कहने के लिए पॉश इलाका है लेकिन

**शिकायतें**

**▶▶ लोगों ने सेक्टर 9 कहने के लिए पॉश इलाका है लेकिन सुविधाओं की कमीं से जूझ रहा**

सुविधाओं की कमीं से जूझते सेक्टर वासी पीने के गंदे पानी से लेकर निकासी तक की समस्या से दो चार हो रहे हैं।
पिछले 10 सालों से सेक्टर की हालत दयनीय स्थिति में आ चुकी है। सेक्टरवासियों का कहना यह सब तब हो रहा है जब हमारे विधायक को सर्वश्रेष्ठ विधायक का सम्मान मिला है। सेक्टर 9 मे पानी की निकासी एक बड़ी समस्या है। लोगो का कहना है कि हल्की सी बरसात होते ही सेक्टरों में जलभराव हो जाता है। जिससे आने जाने के लिए भी लोगो को लबां चक्कर काटना पड़ता है। पानी की निकासी नही होने से लोगों मे रोष देखने को मिल रहा है। समस्या का हल नही होने से सेक्टर 9 निवासी आज सड़कों पर उतरे और प्रदर्शन करते हुए डीसी दफतर पहुंचे। इस दौरान उपायुक्त कार्यालय मे अपनी मांगों का ज्ञापन एसडीएम अंबाला को सौंपा।
वहीं सेक्टर 9 वासियों ने बताया कि हमे मूल भूत सुविधाएं नही मिल रही।

## महिला कोच के समर्थन में महिला कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) महिलाओं** के साथ हो रहे अपराधों के चलते महिला कांग्रेस अम्बाला ने डीसी कार्यालय में राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। महिला कांग्रेस अध्यक्ष गौरी शर्मा ने बताया कि हरियाणा में हर पांच मिनट में एक महिला जहां छेड़छाड़ व यौन उत्पीडन की घटना का शिकार हो रही है वहीं हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस आपका ध्यान इस वर्ष की सबसे चर्चित व घिनौनी महिला उत्पीडन की घटना की तरफ दिलाना चाहती है, जिसमें प्रदेश के राज्य मंत्री



संदीप सिंह सीधे तौर पर शामिल हैं।
हरियाणा की बेटी खेल विभाग की जूनियर कोच पिछले नौ माह से इंसाफ की लड़ाई लड़ रही है। महिला कोच के साथ यौन उत्पीडन करने वाले मंत्री संदीप सिंह आज भी हरियाणा सरकार का हिस्सा हैं। चंडीगढ़ पुलिस द्वारा संदीप सिंह के खिलाफ दायर की गई चार्जशीट में यह साफ हो गया है कि उन्होंने पद का दुरूपयोग करते हुए महिला कोच का यौन उत्पीडन किया है।

## डीजीएचएस रणदीप सिंह पूनिया ने अंबाला छावनी नागरिक अस्पताल का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अंबाला** छावनी नागरिक अस्पताल मे डी.जी.एच.एस. डॉक्टर रणदीप सिंह पूनिया ने स्वास्थ्य सेवाओ का निरीक्षण किया। उन्होने ओपीडी ब्लॉक मे मरीजो के साथ साथ डॉक्टर्स से भी बातचीतकर अस्पताल की व्यवस्थाओ को जाना । डी.जी.एच.एस. डॉक्टर पुनिया के साथ सिविल सर्जन अंबाला डॉक्टर कुलदीप सिंह, पीएमओ डॉक्टर राकेश सहल, डीएमएस डॉक्टर विनय गोयल, डिप्टी सिविल सर्जन डॉक्टर संजीव सिंगला उपस्थित रहे।



डीजीएचएस महोदय ने ओपीडी ब्लॉक मे मेंटल हैल्थ प्रोगार्म को लेकर मनोरोग विशेषज्ञ डॉक्टर कुलदीप सिंह से जानकारी ली। मनोरोग विशेषज्ञ डॉक्टर कुलदीप ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के निदेशों की पालना करते हुए मेंटल हैल्थ प्रोग्राम के तहत लगातार मरीजो का उपचार ओर उनकी कोंस्लिंग की जा रही है इसके अलावा कल पी जी आई चंडीगढ़ से डॉक्टर असीम मेहरा व उनकी टीम भी मेंटल हैल्थ प्रोग्राम के तहत मरीजो की जांच व निशुल्क दवाईया उन्हे उपलब्ध करवाई जा रही है।

## न्यूज फ्लैश

### छावनी बस अड्डे पर हॉर्न बजाया तो होगी कार्रवाई



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**अंबाला** छावनी बस अड्डे पर प्रेशर हार्न बजाने को लेकर पहले भी कई बस ड्राइवरों को चेतावनी दी गई है। लेकिन इसके बाद भी ड्राईवर प्रेशर हार्न बजाने से नही मानते। हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ के राज्य उपप्रधान विक्रम राणा ने बताया कि बस अड्डे की हालत को देखते हुए जीएम रोडवेज को ज्ञापन भी दिया गया था। जिसमें उन्हे बताया गया था कि तय समय से लगभग डेढ दो घंटा पहले प्राइवेट बस चालक अपनी बसों को अडडे के भीतर खडा कर देते है। जबकि बसों को पार्किंग स्थल पर लगाना चाहिए। इसी प्रकार अन्य प्रदेशों के बस चालक बस अडडे के भीतर प्रेशर हार्न बजाते है जो हानिकाराक है।

### बिहटा की आशा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, परिजनों ने लगाये हत्या के आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला के गांव बिहटा में कुरुक्षेत्र की महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े है।
पुलिस ने शिकायत के आधार पर पति सहित 6 लोगों पर हत्या सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। कुरुक्षेत्र के गांव अजराना निवासी गोपाल ने बताया कि साल 2010 में उसकी बहन आशा रानी की शादी गांव बिहटा निवासी संजीव कुमार के साथ हुई थी। शादी के बाद ही उसकी बहन को दहेज के लिए परेशान किया जा रहा था। गत दिवस सुबह करीब साढ़े 10 बजे रजत ने उसके भाई सोनू के पास फोन करके कहा कि आप लोग कुछ लोगों को साथ लेकर गांव बिहटा आ जाओ और तुम्हारी बहन ज्यादा बीमार है। जब हम गांव में गए तो देखा की उसकी बहन का शव घर के बरामदे मे पड़ा था। जब ससुराल पक्ष से उसकी बहन की मौत का कारण पूछा तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। गोपाल ने बताया कि इसके बाद उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया था।आज बोर्ड के द्वारा शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। एसएचओ राजेश कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस ने परिजनों की शिकायत के आधार पर पति संजीव कुमार, रजत कुमार, महिंद्रो देवी, फग्गू राम, गोल्डी, रामपाल पर हत्या और 120-बी के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### खुशी गर्ग ने किया राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में सराहनीय प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल।** स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 8 से 10 सितंबर कुरुक्षेत्र में किया गया । इस प्रतियोगिता में खुशी गर्ग पुत्री डॉ मनोज गर्ग का प्रदर्शन सराहनीय रहा। खुशी गर्ग ने अंडर- 17 वर्ग में राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में पांच में से पांच गेम जीतकर पहली लेवल पार की व टॉप 15 खिलाड़ियों में अपनी जगह बनाई व इस प्रतियोगिता में अपने प्रतिद्वंदियों को कड़ी टक्कर दी।खुशी के पिता डॉ मनोज गर्ग ने बताया कि खुशी गर्ग ने सर्वप्रथम जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया था जो की नारनौल में आयोजित की गई थी व राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में सराहनीय प्रदर्शन कर क्षेत्र व जिले का नाम रोशन किया है। दादा चेतन प्रकाश गर्ग, दादी संतोष गर्ग, हरीश, मीनाक्षी,खुशाल, नीलम, यशी, मुस्कान ने खुशी गर्ग को इस सफलता पर बधाई दी व उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### जिलाध्यक्ष ललित पंवार ने आगजनी की घटना का मौके पर पहुंचकर किया निरीक्षण

**सोनीपत। युवा** कांग्रेस जिला अध्यक्ष ललित पंवार ने कच्चे क्वार्टर स्थित कपड़े के शोरुम किंग एन्ड क्वीन में पहुंचकर आगजनी की घटना का निरीक्षण किया। उन्होंने पीड़ित दुकानदार को नुकसान की भरपाई के लिए हरसम्भव मदद का आश्वासन दिया। बता दे कि कबीरपुर निवासी अमित सैनी ने कच्चे क्वार्टर में कपड़े का शोरुम किया हुआ है, शोरुम में अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि शार्ट-सर्किट से आगजनी की घटना घटित हुई है। अगजनी से दुकान में रखा अधिकांश समान जल कर खाक हो गया। दुकानदारों का कहना है कि पहले भी प्रसाशन से मांग कर चुके है कि कच्चे क्वार्टर मार्किट में दमकल विभाग की गाड़ी खड़ी रहनी चाहिए, ताकि घटना पर तुरन्त काबू पाया जा सकें। गाड़ी न खड़ी होने की वजह से आगजनी की घटना विकराल रूप धारण कर लेती है। उन्होंने प्रशासन से 24 घण्टे मार्किट में दमकल विभाग की टीम तैनात रहने की मांग की। जिलाध्यक्ष ललित पँवार ने दुकानदारों को आश्वासन दिया कि इस मामले में विधायक सुरेन्द्र पंवार से बात करके दुकानदारों की मांग को पूरा करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधायक सुरेंद्र पंवार के दिशा-निर्देश से लगातार जरूरतमन्दो की मदद की जा रही है।

## छात्र कल्या[illegible]ा हमारी पहली प्राथमिकता : विद्यार्थी परिषद

**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद की दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल इकाई द्वारा प्रवेश लेने आ रहे नए छात्र छात्राओं की फिजिकल काउंसलिंग में सहायता केंद्र के माध्यम से सैकड़ो छात्र-छात्राओं की सहायता करी। विद्यार्थी परिषद ने विश्वविद्यालय में चल रहे प्रवेश प्रक्रिया में देखा की छात्र-छात्राओं में उनके अभिभावकों को अनेकों कठिनाइयों आ रही हैं। इसी चीज को मध्य नजर रखते हुए विद्यार्थी परिषद की विश्वविद्यालय इकाई ने सहायता केंद्र बनाकर 500 से अधिक छात्र-छात्राओं के लिए मुफ्त फोटोकॉपी एवं प्रिंटआउट प्रदान करने का कार्य

## जल बचाने के लिए जीसीआई ने बच्चों को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) जेसीआई अम्बाला** द्वारा जेसीआई सप्ताह "जेथरा" के दूसरे दिन जल बचाने के प्रति जागरुक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम लक्ष्मी देवी आर्य गर्ल्ज स्कूल में किया गया। जहाँ स्पीकर जेसीआई कमल गर्ग ने बच्चों को पानी क्यों बचाना चाहिए और इससे आने वाले समय में सबको क्या फायदा मिलेगा। साथ ही उन्होने बताया कि हम अपने दिन-प्रतिदिन के कार्यों में पानी का कहाँ-कहाँ गलत इस्तेमाल को रोक सकते हैं इस बात पर स्पीकर ने रोशनी डाली। इस कार्यक्रम के बाद टीम ने



विभिन्न स्कूलों, पार्क, अस्पताल एवम बाकि जगह वॉटर कूलर पर पानी बचाने के लिए स्टीकर भी लगाए। जेसीआई सप्ताह कनवीनर जेसी शशांक अग्रवाल एवम जेसीआई वीक को-ओरडीनेटर जेसी शुभम गोयल हैं। इस प्रोजेक्ट के चेयरमैन जेसी विशाल गुप्ता, प्रोजेक्ट एडवाइजर जेसी कमल गर्ग तथा प्रोजेक्ट डायरेक्टर जेसी निखिल गोयल, जेसी गौरव गुप्ता, जेसी चेतन्य मेहंदरु, जेसी अभय जैन एवम जेसी आदित्य रहे।
इस दौरान जेसीआई अम्बाला के प्रधान जेसी लक्षित अग्रवाल, उप-प्रधान जेसी विशेष धीमान, जेसी विवेक गुप्ता, जेसी निखिल गोयल, जेसी विशाल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## कच्चे क्वार्टर में कपड़ों के शोरूम में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

### मेयर निखिल मदान ने घटना स्थल पर पहुंचकर लिया नुकसान का जायजा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मेयर निखिल** मदान मंगलवार को कच्चे क्वार्टर बाजार में पहुंचे और उन्होंने सोमवार रात को कपड़ों के शोरुम किंग एंड क्वीन में लगी आग की घटना का जायजा लिया। दुकान के संचालक अमित सैनी ने बताया कि उन्हें सोमवार रात को 9 बजे उनकी दुकान में आग लगने की सूचना मिली थी।सूचना मिलते ही वो मौके पर पहुंचे और उन्होंने साथी दुकानदारों एवं फायर ब्रिगेड गाड़ी की सहायता से आग पर काबू पाया।लेकिन तब तक



अधिकांश समान जल कर खाक हो चुका था। आग लगने के कारण उनका लाखों रुपए का सामान जलकर नष्ट हो गया है। इसलिए उनकी यही मांग है कि उन्हें सरकार की तरफ से उचित मुवावजा दिया जाए। मेयर निखिल मदान ने कहा कि दुकान पर लगभग सारा सामान आग लगने के कारण जल चुका है जिसके चलते दुकानदार को भारी नुकसान हुआ है। ऐसे संकट के समय वो व्यापारी भाई के साथ खड़े है और उन्हें पूरा हर संभव मदद का पूरा भरोसा दिलाते है। सरकार की तरफ से व्यापारी को मुवावजा दिलवाने के प्रयास किए जाएंगे।
इसके अतिरिक्त वो निजी तौर पर भी पीड़ित दुकानदार की मदद का भरोसा दिलाते है। इस मौके पर मार्केट प्रधान राकेश चोपड़ा,अमित सैनी, मोहित,ललित,जवाहर आर्य, काला सहित अन्य दुकानदार मौजूद रहे।

## डीसी ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ** उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने यहां महेंद्रगढ़ के प्रशासनिक भवन में लगे कैंप कार्यालय में 70 लोगों की समस्या सुनी। इनमें से ज्यादातर का मौके पर ही समाधान किया तथा शेष को अधिकारियों को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यहां पर मिलने वाली हर शिकायत को अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेकर दूर करें। शिकायतों के बारे में अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से जानकारी लेते रहे ताकि अविलंब समस्या का समाधान किया जा सके। उन्होंने



कहा कि अधिकारी शिकायत का मौका मुआयना करने के बाद उसकी रिपोर्ट मुझे भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सामूहिक रूप से कार्य के लिए आने वाले नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। अगर अधिकारी लोगों के साथ कनेक्ट रहेंगे तो उनकी समस्याओं को जल्द से जल्द दूर कर पाएंगे। अगर हम उनके कार्य जल्द से जल्द करेंगे तो कार्यालयों में भी अनावश्यक भीड़ नहीं आएगी। इस मौके पर जमीनी विवाद से संबंधित समस्याएं, रास्तों व नालियों की समस्याएं, बीपीएल राशन कार्डो से संबंधित व कब्जे संबंधित,पेंशन बनवाने संबंधित समस्याएं सुनी।

**धार्मिक रामलीला ट्रस्ट मोहल्ला चांदुवाडा में सन 1950 से लगातार भगवान राम की लीला का मंचन होता आ रहा**

## प्राचीनतम श्री धार्मिक रामलीला चांदुवाडा में रामलीला मंचन हेतु रिहर्सल प्रारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल।** शहर के प्राचीनतम रामलीला मंचों में शुमार श्री धार्मिक रामलीला ट्रस्ट मोहल्ला चांदुवाडा में सन् 1950 से लगातार भगवान राम की लीला का मंचन होता आ रहा है। इस वर्ष श्री धार्मिक रामलीला ट्रस्ट के अनुभवी, वरिष्ठ एवं सुलझे हुए कलाकारों द्वारा प्रभु राम की 73वीं रामलीला का भव्य मंचन आगामी 12 अक्टूबर से किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए संस्था के कोषाध्यक्ष जगदीश भारद्वाज ने बताया कि रामलीला का मंचन 12 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक किया जाएगा। 26 अक्टूबर को मोरध्वज नाटक का मंचन होगा। जगदीश भारद्वाज ने बताया कि पिछले 73 वर्षों से

**मंचन**

**▶▶ वरिष्ठ एवं सुलझे हुए कलाकारों द्वारा प्रभु राम की 73वीं रामलीला का भव्य मंचन आगामी 12 अक्टूबर से किया जाएगा**

लगातार जारी प्रभु राम की इस रामलीला के मंचन को हर वर्ष और अधिक विशाल एवं भव्य रूप प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसके लिए इस बार करीब 25 लाख रूपए की लागत से रामलीला मंच तथा मैदान का पुर्ननिर्माण करवाया गया है, जिससे रामलीला में



आने वाले दर्शकों को सुंदर व्यवस्था एवं रामलीला का भव्य रूप दर्शन करने को मिलेगा। सोमवार से रामलीला के अनुभवी व मंझे हुए कलाकारों ने अपनी कला को निखारने के लिए रामलीला की तैयारियां प्रारंभ की। कोषाध्यक्ष ने बताया कि इस वर्ष इच्छुक नए कलाकार भी रामलीला मंचन में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए ट्रस्ट से सम्पर्क कर सकते हैं। जिन्हे ऑडिशन के उपरांत मौका दिया जाएगा। वरिष्ठ कलाकार मनोज वर्मा, बलवंत सैनी, विशाल हरित, दीपक हरित, बलवान सैनी व सत्यनारायण वर्मा आदि ने अपने अपने किरदारों की रिहर्सल हेतु जम कर पसीना बहाया। इस अवसर पर ट्रस्ट के संरक्षक सत्यनारायण हरित, शंभुदयाल गर्ग, प्रधान संजय गर्ग, सुरेंद्र सिंघल, तरुण सोनी, मोहित सोनी, सुभाष कौशिक, विनोद सोनी आदि सभी साथी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रपति मुर्मू आज करेंगी 'आयुष्मान भवः' अभियान का शुभारंभः एडीसी आनन्द शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 13 सितंबर को आयुष्मान भवः योजना का वर्चुअल शुभारंभ करेंगी। फरीदाबाद में नागरिक अस्पताल बीके में जिला स्तरीय लाइव प्रसारण किया जाएगा। आयुष्मान आपके द्वार का जिला फरीदाबाद में सौ फीसदी अचीवमेंट करना है। जिला में आयुष्मान आपके द्वार अभियान के तहत आगामी 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर, गांधी जयंती तक जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। एडीसी आनन्द शर्मा जिला में आयोजित किए जाने वाले आयुष्मान आपके द्वार कार्यक्रमों को लेकर आज अपने कार्यालय में स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला विकास एवं पंचायत विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियो को बैठक में दिशा निर्देश दे रहे थे। एडीसी आनन्द शर्मा ने आयुष्मान आपके द्वार अभियान को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों के जिला स्तर पर अधिकारियों को आपसी तालमेल करके विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी बनाई जाएगी, जबकि आयुष्मान हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में साप्ताहिक आयुष्मान मेले आयोजित किए जाएंगे। साथ ही ग्राम पंचायत और शहरी वार्डों में आयुष्मान सभा का आयोजन कर गैर संचारी रोगों की जांच के साथ ही लोगों को स्वास्थ्य की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इसका उद्देश्य सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के लक्ष्य को प्राप्त करना है। इसके तहत सेवा पखवाड़ा, आयुष्मान आपके द्वार, आयुष्मान सभा, आयुष्मान ग्राम पंचायत, आयुष्मान अर्बन समेत तमाम कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि आयुष्मान आपके द्वार का आयोजन होगा जिसके तहत आयुष्मान मेला संचालित किया जाएगा।- इनकी ली जाएगी विशेष मददः-आयुष्मान आपके द्वार कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन के लिए आयुष्मान पात्र कार्ड बनाए व वितरित किए जाएंगे। जिसके लिए पंचायती राज जनप्रतिनिधियों, आंगनवाड़ी वर्करों, स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों की मदद भी ली जाएगी।

# 15 दिन पहले घर से लापता 26 वर्षीय महिला को तलाश कर किया परिजनों के हवाले

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** डीसीपी क्राइम श्री मुकेश मल्होत्रा के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी संजय कॉलोनी और क्राइम ब्रांच कैट की टीम ने संयुक्त रुप से कार्रवाई करते हुए घर से लापता महिला को बरामद करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गुमशुदा महिला 27 अगस्त को अपने घर से बिना बताए कही निकल गई थी। जिसकी परिजनों के द्वारा तलाश की जा रही थी। लेकिन नही मिलने पर पुलिस चौकी संजय कॉलोनी में सूचना दी गई। सूचना पर थाना मुजेसर में मामला दर्ज कर महिला की तलाश की जा रही थी। मामले में पुलिस चौकी संजय कॉलोनी व क्राइम ब्रांच कैट की टीम ने संयुक्त रुप से कार्रवाई करते हुए। पुलिस टीम ने क्राइम ब्रांच कैट की टीम के साथ संयुक्त रुप से कार्रवाई करते हुए महिला को उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले के एरिया से बरामद किया है। महिला से परिजनों के सामने पूछताछ की गई। महिला ने बताया कि वह घर वालो से किसी बात को लेकर नाराज थी। महिला को परिजनों के हवाले किया है। परिजनों के द्वारा पुलिस टीम का तह दिल से धन्यवाद किया।




## संक्षिप्त खबरें

### राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद में जिला स्तरीय विज्ञान निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** हरियाणा स्टेट कॉउंसिल फॉर साईंस, इनोवेशन एवं टेक्नोलॉजी के तत्वाधान में महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों की विज्ञान में रूचि बढाने के लिए हर वर्ष विज्ञान निबन्ध प्रतियोगिता जिला एवं राज्य स्तर पर आयोजित की जाती है` वर्ष 2023-24 की जिला स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता आज 12.09.2023 को राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद में सफलता पूर्वक आयोजित की गई` इस निबन्ध प्रतियोगिता में जिले के कुल 6 महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया तथा विज्ञान और तकनीक से जुडे विभिन्न विषयों जैसे रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स, और बदलते पर्यावरण आदि विषयों पर अपने निबन्ध प्रस्तुत किए` इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रूचिरा खुल्लर ने की` निर्णायक मंण्डल की भूमिका प्रो. तरूण अरोडा (रिटायर्ड), डॉ. राजेश कुमार (रिटायर्ड) तथा डॉ. अंजू कक्कड ने निभाई` अंतिम परिणाम में प्रथम पुरस्कार राजकीय महाविद्यालय मोहना के सचिन तलवार, दितीय पुरस्कार राजकीय महाविद्याल फरीदाबाद के अमन चौधरी व तैतीय पुरस्कार राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद की विशाखा कुमारि ने प्राप्त किया जब्कि सांत्वना पुरस्कार राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद, तथा सुष्मा स्वराज राजकीय महाविद्यालय बल्लबगढ को प्राप्त हुआ` इस कार्यक्रम की संयोजक श्रीमती दीपिका कालोन सचिव अंकिता व सह संयोजक श्रीमती प्रियंका पराशर रहीं` प्रतियोगिता के सफल आयोजन में अन्य प्राध्यपकों में डॉ. विवेक आनंद, श्री सुरेश कुमार, डॉ. देवेन्द्र सिंह, डॉ. मयार्दा गर्ग, डॉ. आमित अरोडा, डॉ. नीनू सैंनी, श्रीमती निशा तेवतिया तथा डॉ. ललिता चौधरी आदि ने विशेष भूमिका निभाई` पुरस्कार वितरण में मुख्य अतिथी डॉ. रितिका गुप्ता, प्राचार्या, राजकीय महाविद्यालय बल्लबगढ व डॉ. अर्चना रहीं।

### राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने का युवाओं के लिए एक बेहतरीन एवं एक सुनहरा मौका

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व युवाओं को एक बेहतरीन व सुनहरा मौका दिया जा रहा है। डीसी विक्रम सिंह के मार्ग दर्शन में नेहरू युवा केन्द्र द्वारा आजादी के अमृत काल की श्रृंखला में मां भारती के दो वीर सपूतों राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) लोकसभा के द्वारा एक स्मृति कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें पूरे देश भर से 25 युवाओं को भागीदारी का अवसर मिलेगा। युवाओं के लिए संसद भवन में अपनी गरिमामय उपस्थित का यह एक बेहतरीन अवसर है। जिला युवा अधिकारी प्रियंका ने बताया कि इसी कड़ी में इच्छुक युवा 14 सितंबर तक ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से अपने आवेदन केंद्र के जिला कार्यालय में जमा करवा सकते हैं और 15 सितंबर को वर्चुअल माध्यम से होने वाले इस प्रतियोगिता के एक विजेता प्रतिभागी को राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभागिता दिखाने का मौका मिलेगा। राज्य स्तर से चयनित एक प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर पर आगामी 2 अक्टूबर को संसद भवन के केंद्रीय सदन में अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगे। पूर्व में प्राइड अपने नेता को जानो स्मृति कार्यक्रम में या युवा सांसद जैसे किसी भी कार्यक्रम में संसद भवन में शिरकत करने वाले युवा इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकते हैं। कार्यक्रम की अधिक जानकारी के लिए केंद्र के जिला कार्यालय में इच्छुक युवा संपर्क साध सकते हैं।

## जींद : महिला का यौन शोषण, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/जींद** महिला को नशीला पदार्थ दे दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बना यौन शोषण करने पर शहर थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ यौन शोषण करने, नशीला पदार्थ देने, समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर थाना इलाका की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी मोहल्ले के ही विकास से जान पहचान रही है। जनवरी में विकास ने उसे पेय पदार्थ में नशीला पदार्थ दे दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपित ने उसकी अश्लील वीडियो भी बना ली।

# सभी एसडीएम अवैध खनन और ओवरलोडिंग वाहनों पर सख्ती बरते : डीसी

**दिशा-निर्देश**

**▶▶पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की टीमें निरंतर पेट्रोलिंग कर पुख्ता निगरानी करें**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि जिला में वन अधिकारी और तीनों एसडीएम अपने अपने इलाकों में अवैध खनन और ओवरलोडिंग वाहनों पर सख्ती बरते। डीसी विक्रम सिंह आज मंगलवार को जिला स्तरीय टास्क फोर्स खनन की समीक्षा बैठक कर प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। डीसी ने कहा कि पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की टीमें निरन्तर पेट्रोलिंग कर पुख्ता निगरानी करके अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सम्बंधित क्षेत्र के पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी सख्ती से पेश आकर सख्त कानूनी कार्यवाही अमल में लाना सुनिश्चित करें और इस कार्य में लगी टीमें निगरानी के लिए डेली बेसीज पर गश्त कर समीक्षा करके उसकी प्रगति रिपोर्ट भी ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली के जरिये मुख्यालय में प्रस्तुत करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने अपने इलाकों में अवैध खनन गतिविधियों को लेकर पूर्णतः सतर्कता बरते। जहां भी अवैध खनन करने वालों की शिकायतें और सूचनाएं मिल रही हैं। वहां पर त्वरित सख्त कानूनी कार्यवाही अमल में लाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अवैध रूप से ओवरलोडिंग वाहनों को लेकर भी सख्ती से पेश आकर चालान करना सुनिश्चित करें।

- अवैध खनन करने वालों के खिलाफ इस नियम पर जरूर करें कार्रवाई-

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि प्रदेश में 6 पीएलपीए की धारा 4 व 5 में अवैध खनन पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट आफ लाइन और आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली के जरिये जिला मुख्यालय को जरूर दें। उन्होंने कहा कि जिला में खनन गतिविधियों को लेकर पूर्णतः सख्ती के साथ सतर्कता बरती जाए और दिल्ली तथा नोएडा सहित पड़ौसी प्रान्तों से अवैध रूप से ओवरलोडिंग को लेकर भी सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाए। डीसी विक्रम सिंह ने जिला टास्क फोर्स के लिए खनन विभाग, आरटीए, वन व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी आपसी बेहतर तालमेल के साथ सख्ती से कार्य करें।

# घर से लापता 12 वर्षीय नाबालिक बच्चे को पुलिस चौकी सेक्टर-8 की टीम ने किया बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी बल्लबगढ़ श्री राजेश दुग्गल के दिशा निर्देश पर कार्रवाई करते हुए थाना सेक्टर-8 प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन की टीम पुलिस चौकी सेक्टर-8 ने घर से लापता हुई नाबालिक लड़के को तलाश कर परिजनों के हवाले करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि लडके के माता पिता मजदूरी का काम करते है। जो घर से काम करने के लिए गए थे। जिन्होने घर आकर देखा तो बच्चा घर नही मिला जिसको आस पास काफी तलाश किया गया। बच्चा नही मिलने पर परिजनों के द्वारा पुलिस चौकी में गुमशुदगी की सूचना दी जिसपर तुरंत कार्रवाई करते हुए चौकी ईंचार्ज ने पुलिस टीम बनाकर तलाश के लिए मार्किट व अन्य स्थानों पर भेजे। पीसीआर राईडर से आवाज लगवाई। पुलिस कन्ट्रोल रुम से सभी थानों में सूचना भेजी। सोशल मीडिया के माध्यम से सभी व्हाट्सएप ग्रुपों में फोटो भेज कर सूचना प्राप्त की। जो काफि तलाश करने पर लडके को पुलिस टीम ने सेक्टर-4 पटेल नगर झुग्गियो से सकुशल बरामद कर लिया गया।

लडके से पूछताछ में सामने आया की लडका घर से खेलने के लिए निकल आया था।
लडके को परिजनों के हवाले करते हुए सख्त हिदायत की बच्चे पर ध्यान रखे। बच्चे अगर गलत हाथो में चले गए तो बच्चे की जिंदगी खतरे में हो सकती है। परिजनों के द्वारा बच्चे पाकर खुश हुए उन्हने पुलिस टीम का तह दिल से धन्यवाद किया।



## स्लम बस्ती क्षेत्र के बच्चों के पुनर्वास लिए13वें कैम्प का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**डीसी विक्रम सिंह के आदेशानुसार और एडीसी आनन्द शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में जिला बाल कल्याण अधिकारी एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी के कोर्डिनेशन से राजकीय प्राइमरी विद्यालय जवाहर कॉलोनी में आज मंगलवार को लगाया गया। आज मंगलवार को आयोजित इस कैंप में खबर लिखे जाने तक लगभग 100 बच्चों को नि:शुल्क लाभ प्रदान किया गया।कैंप का मुख्य उद्देश्य:- एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि इन कैम्पों का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक गरीब बच्चों के जरूरी कागजात कैसे जन्म प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र, दिव्यांगजन सर्टिफिकेट, आधार कार्ड मौके पर ही बनाकर उन्हें उपलब्ध कराना है।

# ट्रैफिक पुलिस ने स्पेशल अभियान के तहत रोंग लाइन/लाइन चेंज/ अंडरएज के 1109 चालान काटकर किया जुर्माना



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** पुलिस आयुक्त श्री राकेश कुमार आर्य व आईजी ट्रैफिक श्री हरदीप सिंह दून के आदेश पर डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के दिशा-निर्देश पर एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार के मार्गदर्शन व एसएचओ ट्रैफिक के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस टीम ने रोंग लाइन/लाइन चेंज/ अंडरएज ड्राइविंग के विशेष अभियान के तहत 1109 वाहन चालकों का चालान काटकर जुमार्ना लगाया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस द्वारा शहर वासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें यातायात नियमों व सड़क सुरक्षा के बारे में लगातार जागरूक किया जा रहा है परंतु कुछ यात्री नियमों की अनदेखी करते हुए यातायात नियमों का पालन नहीं करते इसलिए उनके खिलाफ एक विशेष अभियान चलाकर डीसीपी ट्रैफिक के मार्गदर्शन में रोंग लाइन के 673, लाइन चेंज 440 तथा 06 अंडरएज के वाहन चालकों के चालान काटे गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि लाइन चेंज का ?500 तथा अंडर एज का ?5000 का चालान है। इसके अलाव अन्य सभी यातायात नियमों तोडने वालो के 2488 वाहन चालको के चालान काटकर जुमार्ना किया गया है। जिसमें पोस्टल के 715 वाहन चालको के तथा 1773 ई-चालान काटे गए है। अंडर एज के वाहन चालक को देखा गया है कि चालक गति सीमा से अधिक गति से वाहन चलाते है जिसके कारण दुर्घटना अधिक होते है। पुलिसकर्मियों ने बताया कि कुछ नवयुवक बहुत अधिक गति में वाहन चलाते हैं जिसकी वजह से कई बार वह सड़क दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं और अपने आसपास चलने वाले वाहनों को भी दुर्घटनाग्रस्त कर देते हैं जिसमें हर साल बहुत से वाहन चालकों की जान चली जाती है। फरीदाबाद पुलिस का यह लगातार प्रयास रहता है कि शहरवासियों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाया जा सके और यात्री सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंच सके।

# जेसीबी इंडिया ने डीलरशिप पास्को अर्थमूवर्स का उद्घाटन किया

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** जेसीबी इंडिया लिमिटेड ने आज दिल्ली एनसीआर में अपनी नई डीलरशिप पास्को अर्थमूवर्स एलएलपी का उद्घाटन किया। यह नई उद्घाटित अत्याधुनिक सुविधा दिल्ली-एनसीआर में बेमिसाल ग्राहक अनुभव देने के लिए तैयार है। इस डीलरशिप का मुख्यालय फरीदाबाद में है। 40,000 वर्गफीट में बनी इस सुविधा में लगभग 160 कर्मचारी हैं जो बिक्री, सेवा एवं पाट्र्स की सेवाएं देने वाले कुशल पेशेवर हैं। इस फैसिलिटी में 5-बे इंटिग्रेटिड वर्कशॉप है, साथ ही दो मोबाइल सर्विस वैन, एक पाट्र्स वैन और एक लाइवलिंक कमांड सेंटर है जो सर्वश्रेष्ठ ग्राहक अनुभव एवं सहयोग सुनिश्चित करता है।




जेसीबी इंडिया के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक श्री दीपक शेट्टी ने कहा, हृहृदिल्ली एनसीआर में विश्व स्तरीय डीलरशिप पास्को अर्थमूवर्स का उद्घाटन करते हुए हम बहुत खुश हैं।
यह नई डीलरशिप हमारे ग्राहकों के लिए जेसीबी उत्पादों के मालिकाना अनुभव को बेहतर बनाएगी। अपने ग्राहक-केन्द्रित दृष्टिकोण के साथ पास्को अर्थमूवर्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में अहम भूमिका निभाएगी। सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर अपना फोकस जारी रखे हुए हैं और हमारे ग्राहक व हमारी मशीनें एक नए भारत के निर्माण में सहयोग कर रहे हैं हृहृ इस डीलरशिप के आउटलेट पलवल, सोनीपत, कश्मिरी गेट और नांगली पूना (पश्चिम दिल्ली) में हैं। ग्राहकों की सुविधा के लिए हर 100 किलोमीटर पर इसके पाट्र्स एवं सर्विस आउटलेट हैं। इसे जेसीबी की कॉर्पोरेट पहचान दिशानिर्देशों के अनुसार बनाया गया है और यह जेसीबी मानकीकृत प्रणालियों एवं प्रक्रियाओं से लैस है।
दीपक शेट्टी ने आगे कहाः-
पास्को अर्थमूवर्स के पास भारत में उपलब्ध जेसीबी उत्पादों की संपूर्ण रेंज उपलब्ध रहेगी, इस प्रकार ग्राहक एक ही जगह पर जेसीबी उत्पादों के सभी विकल्पों व सेवाओं को प्राप्त कर सकेंगे। इस फैसिलिटी का अत्याधुनिक पूरी तरह चालू लाइव लिंक कमांड सेंटर ग्राहकों के लिए 24x7 फ्लीट मैनेजमेंट सपोर्ट मुहैया कराएगा।

# आलोक हत्या कांड के 3 आरोपियो को क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर ने मात्र 48 घंटे में किया गिरफ्तार

**धर-पकड़**

**▶▶हत्या की धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियो की धर-पकड़ के लिए क्राइम ब्रांच की 4 टीम लगाई गई थी**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** बता दे की 8/9 सितंबर की रात करीब 12.30 बजे तीन आरोपियों ने दिल्ली के एकता विहार के रहने वाले आलोक तथा शिवम को रास्ते में जाते समय बार-बार बेटा कहकर बुलाने लगे। मृतक व शिवम् के द्वारा विरोद्ध करने पर आरोपियो ने चाकू से हमला कर दिया था जिसमें आलोक तथा शिवम दोनों घायल हो गए थे जिसमें आलोक की मृत्यु हो गई और शिवम अस्पताल से इलाज के बाद स्वस्थ अवस्था में मडिस्चार्ज किया गया है। मौक पर एसीपी सराय देवेन्द्र कुमार, एसएचओ पल्ला की टीम, डॉ मनीषा अपनी एफएसएल के साथ, क्राइम ब्रांच डीएलएफ,बॉर्डर, सीआईए-30 तथा पुलिस चौकी नवीन नगर टीम मौके पर पहुंची। मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस आयुक्त श्री राकेश कुमार आर्य ने आरोपियो की जल्द धर-पकड़ के आदेश डीसीपी क्राइम को दिऐ थे। डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा नें क्राइम ब्रांच की 4 टीमों को आरोपियो की गिरफ्तारी के लिए निर्देशित किया गया था। एसीपी क्राइम अमन यादव के मार्ग दर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर प्रभारी संदीप कुमार के नेतृत्व में टीम के एसआई दीपक लोहान, मुख्य सिपाही पंकज, सिपाही विरेन्द्र, सचिन ने अपने सूत्रो से प्राप्त सूचन से मामले में संलिप्त 3 आरोपियो को दिल्ली से काबू किया है। एसीपी क्राइम श्री अमन यादव ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में मोहम्मद राजा(25), यामिन उर्फ आमीन(23) और बुगा उर्फ गोगा उर्फ अजहर(19) का नाम शामिल है। यामीन उर्फ आमीन उत्तर प्रदेश के एटा जिले के गांव मलगांव का, आरोपी मोहम्मद राजा आरोपी मूल रुप से बिहार के वैशाली जिले के गांव हाजीपुर हाल दिल्ली के बदरपुर के जैतपुर का तथा आरोपी अजहर उर्फ गुगा दिल्ली के जैतपुर की मस्जिद कॉलोनी का रहने वाला है।
दोनों पक्ष आस-पास के रहने वाले है एक दूसरे को जानते हैं। आरोपी 8/9 सितम्बर की रात रास्ते में खड़े थे, करीब 12:30 बजे रास्ते से जा रहे आलोक और शिवम को आरोपियो ने बेटा कहकर संबोधित कर अपने पास बुलाया, बेटा कहने की बात पर बहसबाजी और गाली गलोच हुई , जो झगड़े में तब्दील हो गई। आरोपियो ने चाकू से आलोक और शिवम पर हमला कर दिया जिसमें दोनों घायल हो गए। मौके के चश्मदीद ने आलोक के पिता को सूचना दी। सूचना मिलने पर आलोक का पिता घटनास्थल पर पहुंचा शिवम् घायल अवस्था में पडा था। आलोक परिजनों को घटना स्थल से कुछ दूरी पर खाली पड़े प्लाट/पार्क मे घायल अवस्था आलोक में मिला। घायल को दिल्ली के अक्क्टर ट्रामा सैन्टर में इलाज के लिए ले जाया गया जहा पर आलोक की मृत्यु हो गई। मृतक आलोक के पिता की शिकायत पर हत्या की धाराओं में मामला दर्ज कर किया गया था। डीसीपी क्राइम के द्वारा मामले में आरोपियों की धर-पकड़ के लिए 4 क्राइम ब्रांच टीम को लगाया गया था। तीनों आरोपियो को दिल्ली के खजूरी खास से काबू कर फरीदाबाद लाया गया पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर आज अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोपियो से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी बुगा उर्फ गोगा उर्फ अजहर का कुछ महिने पहले मृतक आलोक के दोस्त के साथ झगडा हो गया था। जिसको लेकर मृतक आलोक ने आरोपी बुगा उर्फ गोगा उर्फ अजहर को धमकाया था। जिसको लेकर आरोपी के मन ने रंजिश थी। रंजिश के चलते आरोपीयो ने मिलकर घटना वाले दिन आलोक और शिवम को बेटा का कर बुलाया, झगड़ा हुआ और चाकू से हमला कर हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी रजा के खिलाफ थाना जैतपुर दिल्ली में रेप,पोक्सो एक्ट व लड़ाई झगड़े का मुकदमा दर्ज है। आरोपी अजहर उर्फ गोगा के खिलाफ भी थाना जैतपुर दिल्ली में लड़ाई झगड़े का मुकदमा दर्ज है। आरोपी यामिन के खिलाफ भी थाना जैतपुर दिल्ली में लड़ाई झगड़े का मुकदमा दर्ज है आरोपियो को मामले में पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपियों से वारदात के बारे में गहनता से पूछताछ की जाएगी और वारदात में प्रयोग चाकू इत्यादि बरामद की जाएंगे। साक्ष्य एकत्रित कर आरोपियों को सख्त सजा दिलवाई जाएगी।

## न्यूज फ्लैश

### 14 सितंबर, 2023 को खुलेगा जैगल प्रीपेड ओशन सर्विसेज लिमिटेड का आईपीओ

**नोएडा।** जैगल प्रीपेड ओशन सर्विसेज लिमिटेड ("कंपनी"), गुरुवार, 14 सितंबर, 2023 को इक्विटी शेयरों की अपनी प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) पेश करेगी। आईपीओ में 3,920 मिलियन तक ("फ्रेश इशू") और मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 10,449,816 इक्विटी शेयरों तक की बिक्री ("ऑफर फॉर सेल" और फ्रेश इशू के साथ, "ऑफर") का प्रस्ताव शामिल है।
एंकर निवेशक (इन्वेस्टर) बोली की तारीख बुधवार, 13 सितंबर, 2023 होगी। ऑफर अभिदान (सब्सक्रिप्शन) के लिए, गुरुवार, 14 सितंबर, 2023 को खुलेगा और सोमवार, 18 सितंबर, 2023 को बंद होगा। ऑफर का प्राइस बैंड 156 से 164 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 90 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 90 इक्विटी शेयरों के गुणक में लगाई जा सकती है। कंपनी फ्रेश इशू के जरिये जुटाई गई राशि का उपयोग ग्राहक जोड़ने और उन्हें बनाए रखने के लिए 3,000 मिलियन; प्रौद्योगिकी और उत्पादों के विकास के लिए 400 मिलियन; कंपनी द्वारा लिए गए 170.83 मिलियन के ऋण का पूर्ण या आंशिक भुगतान या पूर्व भुगतान; और शेष राशि का उपयोग सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करना चाहती है, बशर्ते सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए उपयोग की जाने वाली राशि, फ्रेश इशू से होने वाली कुल राशि के 25% हिस्से से अधिक न हो। ऑफर फॉर सेल में राज पी नारायणम के 15, 29,677 इक्विटी शेयर, अविनाश रमेश गोडखिंडी (साथ में, "प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर") के15,29,677 इक्विटी शेयर, वेंचरईस्ट प्रोएक्टिव फंड एलएलसी के 28,30,499 इक्विटी शेयर, जीकेएफएफ वेंचर्स के 20,46,026 इक्विटी शेयर, वेंचरईस्ट सेडको प्रोएक्टिव फंड एलएलसी के 538,557 इक्विटी शेयर, वेंचरईस्ट ट्रस्टी कंपनी प्राइवेट लिमिटेड (वेंचरईस्ट प्रोएक्टिव फंड की ओर से) (सामूहिक रूप से, " प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर") के 1,18,040 इक्विटी शेयर तक, जुजू सॉफ्टवेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ("कॉर्पोरेट सेलिंग शेयरहोल्डर") के 1,765,540 इक्विटी शेयर और कोटेश्वर राव मेदुरी ("इंडिविजुअल सेलिंग शेयरहोल्डर") के 91,800 इक्विटी शेयर शामिल हैं। इंडिविजुअल सेलिंग शेयरहोल्डर, प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर, इन्वेस्टर सेलिंग शेयरहोल्डर और कॉर्पोरेट सेलिंग शेयरहोल्डर, इन सबको मिलाकर "सेलिंग शेयरहोल्डर" कहते हैं)।

### चंद्रयान 3 के सम्मान में टेक्नो ने स्पार्क 10 प्रो मून एक्सप्लोरर लॉन्च किया

**नोएडा।** इनोवेशन और स्टाइल का पर्याय अग्रणी प्रौद्योगिकी ब्रांड टेक्नो एक बार फिर खूबसूरती से डिजाइन किए गए स्मार्टफोन की दुनिया में नई उपलब्धि हासिल कर रही है। टेक्नो स्पार्क 10 प्रो मून एक्सप्लोरर संस्करण डिजाइन, कार्यक्षमता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। 8जीबी+8जीबी रैम और 128जीबी आरओएम के साथ, टेक्नो स्पार्क 10 प्रो मून एक्सप्लोरर संस्करण 11,999 रुपये की आकर्षक कीमत पर 7 सितंबर, 2023 से प्री-बुकिंग के लिए उपलब्ध होगा। इसकी पहली बिक्री 15 सितंबर, 2023 को आपके नजदीकी रिटेल आउटलेट पर होगी।साथ ही पर्यावरण के अनुकूल इको-सिलिकॉन लेदर अपने अनोखे काले और सफेद लेदर के डिजाइन के साथ पर्यावरण को भी प्राथमिकता देता है। यह स्मार्टफोन चंद्रमा की सतह जैसा दिखने वाले कैमरा मॉड्यूल के साथ अपने इनोवेटिव ब्लैक एंड व्हाइट लेदर के साथ डिजाइन किया गया है, जो चंद्रयान 3 के लिए एक उपयुक्त सम्मान है। इसमें शानदार सेल्फी के लिए डुअल फ्लैश के साथ एक उल्लेखनीय 32 एमपी एआई सेल्फी कैमरा और लुभावनी फोटोग्राफी के लिए पीछे की तरफ एफ 1.6 अपर्चर और डुअल फ्लैश के साथ 50 एमपी का डुअल कैमरा है। मून एक्सप्लोरर स्पार्क 10 प्रो के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, टेक्नो मोबाइल के सीईओ, अरिजीत तालापात्रा ने कहा, यह स्मार्टफोन डिजाइन, कार्यक्षमता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए टेक्नो की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। अपने अभिनव डिजाइन, उल्लेखनीय कैमरा क्षमताओं और शक्तिशाली प्रदर्शन के साथ स्मार्टफोन बाजार को 11,999 रुपये की प्रतिस्पर्धी कीमत पर फिर से परिभाषित करेगा।

### वी अपने पोस्टपेड उपभोक्ताओं के लिए पेश करते हैं वी प्रायोरिटी सर्विस

**गुरुग्राम।** जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने अपने पोस्टपेड उपभोक्ताओं को बेजोड़ अनुभव प्रदान करने के लिए नई सर्विस वी प्रायोरिटी का लॉन्च किया है। चुनिंदा सर्कल्स में किए गए एक पायलट के परिणामों के आधार पर इस नई सर्विस का लॉन्च किया गया है। वी प्रायोरिटी कई विशेष फीचर्स एवं परफोर्मेन्स के साथ उपभोक्ताओं को बेजोड़ एवं संतोषजनक अनुभव प्रदान करेगी। वी के पोस्टपेड उपभोक्ता जिनके पास रु 699 या अधिक का रेंटल प्लान और 4 का फैमिली प्लान है, वे इस प्रायोरिटी सर्विस का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा इसे वरिष्ठ नागरिकों एवं वी के लॉन्ग टर्म उपभोक्ताओं के लिए 10 साल या इससे अधिक अवधि के लिए विस्तारित भी किया गया है।

# हुडा सेक्टर में शुरू हुआ अतिक्रमण हटाओ अभियान दूसरे दिन भी जारी

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**

**एचएसवीपी** ने नोटिस की अवधि समाप्त होने पर आज नारनौल के एकमात्र सेक्टर में कल अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू कर दिया गया था। इस अभियान से सेक्टर के अवैध कब्जाधारियों में हडकंप मच गया था। अतिक्रमण हटाओ अभियान में नगर परिषद की ईओ सुमन लता ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में उपस्थिति रही। वहीं अतिक्रमण हटाने के लिए भारी पुलिस बल का इंतजाम किया गया था। इस मौके पर



एचएसवीपी के जूनियर इंजीनियर अमित वशिष्ट भी मौजूद रहे। एचएसवीपी रेवाड़ी के जूनियर इंजीनियर अमित वशिष्ट ने बताया कि नारनौल सेक्टर एक के लोगों की अनेक समस्याएं हैं। इनमें बरसात के मौसम में सेक्टर में पानी जमा होना, पार्किंग की सही व्यवस्था नहीं होना, सीवरेज का ब्लॉक होना। इन समस्याओं के समाधान के लिए सेक्टर के लोग समय-समय पर आवाज उठाते रहते हैं। उन्होंने बताया कि सेक्टर की समस्याओं का मामला ग्रीवेंस कमेटी की मीटिंग में भी रखा गया था। इसके बाद फैसला लिया कि सेक्टर के लोगों के द्वारा मकान के सामने जो अतिक्रमण किया गया है वह अतिक्रमण को हटाया जाए, ताकि इस अतिक्रमण के नीचे से जा रही सीवर लाइन व पानी की लाइन को ठीक किया जा सके। इससे बरसात के मौसम में सेक्टर में पानी जमा होने की समस्या का समाधान हो जाएगा। उन्होंने बताया कि सीवरेज के माध्यम से पानी की निकासी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि यह अतिक्रमण हटाओ अभियान पूरे सेक्टरमें चलाया जाएगा। जिसकी कल सोमवार से शुरूआत की गई है। शहर के सेक्टर में लोगों द्वारा मकान के सामने कई फुट तक अतिक्रमण किया हुआ है। इसके कारण पानी निकासी की लाइन इस अतिक्रमण में दब गई है। इससे बरसात का पानी निकालने में काफी परेशानी होती है। यहाँ बता दें कि एचएसवीपी ने अखबार में सार्वजनिक सूचना प्रकाशित करवाकर सेक्टरवासियों को अपने अतिक्रमण हटाने के लिए तीन दिन का समय दिया था, जिसकी अवधि कल पूरी हो गई थी किन्तु नोटिस के बाद भी अतिक्रमण करने वालों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। इसलिए नोटिस अवधि पूरी होने पर खुद एचएसवीपी ने अतिक्रमण हटाने की शुरूआत कर दी।

## जिले में बनेंगे बिजली के 21 नए सब स्टेशनः अनीश यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि करनाल जिला में बेतहरीन बिजली व्यवस्था के लिए बिजली विभाग द्वारा 33 केवी के 20 नए सब स्टेशन तथा मुनक में 400 केवी का एक बड़ा सब स्टेशन बनाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके लिए संबंधित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी ग्राम पंचायतों से जगह के लिए जल्द से जल्द प्रस्ताव लें ताकि आगामी आवश्यक कार्यवाही को जल्द पूरा करवाया जा सके। उपायुक्त मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में बिजली विभाग तथा पंचायत विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ले रहे थे। उन्होंने बैठक में उपस्थित जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को निर्देश दिए कि वे सभी ग्राम पंचायतों को जानकारी दें कि उनके गांवों में 33 केसी सब स्टेशन का निर्माण होना है। इसके लिए ग्राम पंचायत को जगह उपलब्ध करवाने के लिए प्रस्ताव देना होगा। इस कार्य में बिना विलंब के जल्द से जल्द बीडीपीओ के माध्यम से संबंधित ग्राम पंचायत से प्रस्ताव मंगवाएं।
बैठक में बिजली विभाग के अधीक्षक अभियंता कशिक मान ने बताया कि 33 केवी के 20 सब स्टेशन बनाए जाने हैं जिन पर अनुमानित 40 करोड़ रुपये की राशि खर्च होगी। इनमें से कुछ ग्राम पंचायतों के प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं तथा कुछ शेष हैं। जैसे ही संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा जगह उपलब्ध करवाने का प्रस्ताव दे दिया जाएगा उसके तुरंत बाद टैंडर लगा दिए जाएंगे। इनमें करनाल शहर में एनडीआरआई व शिव कॉलोनी, गांव बालू, निसिंग, तरावड़ी, समानाबाहू, अमरगढ़, बसतली, सांभली, बेगमपुर, चौरा, चिड़ाव, मोर माजरा, बस्सी, भादसो, इंद्री शहर, काछवा, रूकसाना, नरूखेड़ी तथा रायसन गांव में सब स्टेशन बनाए जाने की स्वीकृति मिल चुकी है।

## बार काऊंसिल पंजाब एंड हरियाणा के चेयरमैन ने बार का दौरा कर वकीलों की समस्या सुनी

**टीम एक्शन इंडिया/ गन्नौर। बार काउंसिल** ऑफ पंजाब एंड हरियाणा के चेयरमैन करनजीत सिंह गन्नौर बार में पहुंचे। बार में पहुंचने पर गन्नौर बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट गौरव त्यागी, सचिव जितेन्द्र ढांगी आदि ने स्वागत किया।



एसोसिएशन की तरफ से बार प्रधान ने वकीलों की समस्याओं से अवगत करवाया। चेयरमैन सिंह ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वकीलों के कल्याण और अधिकारों को लेकर काउंसिल काम कर रही है। प्रधान गौरव त्यागी ने बताया कि चेयरमैन सिंह ने गन्नौर बार को एक लाख रुपएं लाईब्रेरी फंड या साफ्टवेयर अपडेट कम्प्यूटर सिस्टम देने का आश्वाशन दिया। इस मौके पर एडवोकेट आलोक त्यागी, विद्या सागर, ओ.पी त्यागी, रोहताश पहल, कमलेश पांचाल, सुधीर धनखड़ आदि मौजूद थे।

## सीजेएम ने नारी निकेतन का किया दौरा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मुख्य** न्यायिक दंडाधिकारी सुश्री जसबीर ने मंगलवार को नारी निकेतन का दौरा किया।
उन्होंने नारी निकेतन में रहने वाले महिला, कैदियों को दी जा रही सुविधाओं की जांच की और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।
सीजेएम ने महिलाओं के साथ भी बातचीत की और उन्हें कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम-1987 के तहत उनके अधिकारों के बारे में भी जागरूक किया। उन्होंने अधीक्षक को कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी स्थापित, प्रदर्शित करने का भी निर्देश दिया गया, ताकि महिलाओं को कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियमए 1987 के तहत बनाए गए नियम और कानून निर्धारित उनके कानूनी अधिकारों से अवगत कराया जा सके।

## वैश्य मोटर साइकिल चेतना यात्रा की शुरूआत 15 को पंचकूला से की जाएगी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़ वैश्य मोटर साइकिल** चेतना यात्रा की शुरूआत आगामी 15 सितम्बर को पंचकूला से की जाएगी और इसका समापन 25 सितम्बर को सिरसा में होगा। मोटर साइकिल चेतना यात्रा का उद्देश्य वैश्य समाज में राजनैतिक जागृति पैदा करना तथा एक अक्टूबर को जींद के अर्जुन स्टेडियम में आयोजित वैश्य संकल्प रैली का पूरे प्रदेश में निमंत्रण देना है।
यात्रा को पूर्व संसद सदस्य एवं भारत सरकार के सॉलिसिटर जनरल सत्यपाल जैन झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन, अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन तथा अग्रोहा विकास ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित मोटर साइकिल चेतना यात्रा का पूरे प्रदेश के 70 से ज्यादा कस्बों में भव्य स्वागत होगा और इसके लिए संगठनों की हर जगह बैठकों का दौर जारी है।
मोटर साइकिल चेतना यात्रा शुरू होने से पूर्व पंचकूला के सेक्टर 16 के अग्रवाल भवन में समारोह का आयोजन किया जायेगा जिसमे मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष राजीव जैन, पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल, अग्रोहा विकास ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग दस गर्ग, अग्रवाल संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश गर्ग, चेतना यात्रा के समन्वयक अशोक मित्तल समेत अनेकों संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।
मोटर साइकिल यात्रा में महाराजा अग्रसेन के एक रुपया एक ईंट वाले सिद्धांत की झांकी समाज के हर गरीब परिवार का थोड़ा थोड़ा सहयोग कर मदद करने का सन्देश प्रसारित करेगी। मोटर साइकिल चेतना यात्रा का नेतृत्व युवा अध्यक्ष मुनीश गोयल, मनोज गर्ग, राहुल गर्ग करेंगे तथा महाराजा अग्रसेन के 18 गोत्रों पर आधारित 18 युवकों का जत्था हर कस्बे तथा शहर में वैश्य संकल्प रैली का निमंत्रण देकर वैश्य संकल्प रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में परिवार एवं इष्ट मित्रों सहित भाग लेने की अपील करेगा। वैश्य महासम्मेलन के प्रदेशाध्यक्ष राजीव जैन ने बताया कि 12 वर्षों बाद प्रदेश में वैश्य समाज की रैली आयोजित की जा रही है।

# अवशेष न जलाने वाली ग्राम पंचायत को मिलेगा 50 हजार रुपए का ईनाम

## विभिन्न कृषि यंत्रो पर समय-समय पर सब्सिडी दी जाती है : नवीन

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। गांव रहमाणा में** कृषि विभाग द्वारा किसान जागरुकता शिविर लगाया गया। शिविर में सहायक कृषि अभियंता नवीन ने किसानो को सम्बोधित करते हुए बताया कि रहमाणा गांव फसल अवशेष जलाने में येल्लो जोन में आता है तो अगर इस बार गांव में फसल अवशेष जलाने की कोई भी घटना नही होती है तो विभाग की तरफ से ग्राम पंचायत को 50 हजार रु का ईनाम दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि विभाग की तरफ




से विभिन्न कृषि यंत्रो पर समय-समय पर सब्सिडी दी जाती है ताकि किसान फसल अवशेषों का प्रबन्धन सही तरीके से खेतों में कर सके और फसल कटाई के बाद फसल अवशेषों में आग ना लगाए । उपमंडल कृषि अधिकारी डा. संदीप वर्मा ने किसानो को बताया कि जिस भी किसान ने धान का रजिस्ट्रेशन करवाया है और अब पुराली का प्रबन्धन करेगा व ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराएगा। उसे विभाग की तरफ से 1000 रुपए प्रोत्साहन राशि के रूप में दिए जाएंगे। उन्होंने किसानो से आग्रह किया कि वो फसल अवशेषों में आग ना लगाए। उन्होंने किसानो को विभाग द्वारा चलाई जा रही स्कीमों की भी जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित किसानो व स्कूली छात्रों को फसल अवशेषों में आग ना लगाने की शपथ भी दिलवाई। तकनीकी सहायक कृषि विभाग डा. निरंजन ने किसानों को फसल अवशेष जलाने से खेतों व पर्यावरण को होने वाले नुकसान के बारे में जागरुक किया। इस मौके पर रहमाणा गांव के किसान विभाग से डा. विनायकां, प्रदीप सिंह, दिनेश रापड़िया, अमित, मंजीत आदि मौजूद रहे।

## इदानिम ने मेडिटेशन (ध्यान) को सभी के लिए आसान बनाने के लिए अपने ऐप में हिंदी भाषा को लॉन्च किया



**नई दिल्ली:** हिंदी दिवस के अवसर पर, इदानिम ने मेडिटेशन (ध्यान) को सभी के लिए आसान बनाने के लिए अपने ऐप में हिंदी भाषा को लॉन्च किया है। 2022 में लॉन्च किए गए, इदानिम ने अंग्रेजी में 40+ श्रेणियों में 1000+ मेडिटेशन की पेशकश की थी। हालाँकि, ऐप पर सबसे अधिक अनुरोधित सुविधाओं में से एक हिंदी में मेडिटेशन है। समावेशिता और पहुंच के प्रति ऐप की प्रतिबद्धता का जश्न मनाने के लिए, इदानिम ने अपनी सबसे लोकप्रिय श्रेणियों में हिंदी में नए मेडिटेशन लॉन्च करने का निर्णय लिया है। ये निर्देशित ध्यान व्यक्तियों द्वारा सामना की जाने वाली विभिन्न प्रकार की चुनौतियों जैसे तनाव, अनिद्रा, ध्यान की कमी, क्रोध और बहुत कुछ का समाधान करते हैं। इदानिम के सह-संस्थापक रमन मित्तल ने कहा "भारत अपनी आध्यात्मिक विरासत के लिए जाना जाता है और लंबे समय से माइंडफुलनेस और ध्यान के अविश्वसनीय लाभों को मान्यता दी है। आज मेडिटेशन सामग्री की मांग बढ़ रही है जो भारतीय दर्शकों के साथ मेल खाती है। हमने इसे हमारे द्वारा प्राप्त उपयोगकर्ता प्रतिक्रिया में स्वयं देखा है ऐप में। इन जरूरतों और प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए, हमने अपनी पेशकशों को तैयार किया है और हिंदी ध्यान की एक नई लाइब्रेरी शुरू करने के लिए हम रोमांचित हैं। इदानिम ने अनुभवी मेडिटेशन प्रशिक्षकों के साथ सहयोग किया है जो भारत की सांस्कृतिक बारीकियों और आध्यात्मिक परंपराओं को समझते हैं, जिससे एक प्रामाणिक ध्यान अनुभव सुनिश्चित होता है। उपयोगकर्ता किसी भी समय और कहीं भी अभ्यास करने के लिए इन निर्देशित ध्यानों तक पहुंच और डाउनलोड कर सकते हैं।

## स्कूल के स्टोर से ताला तोडकर सामान चोरी करने वाले दो काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**डिटेक्टिव** स्टाफ यूनिट द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी हर्षित कुमार उर्फ प्रशांत उर्फ बादर पुत्र लीला राम और राजेश कुमार पुत्र सोमप्रकाश निवासी लालूपुरा को उनके गांव से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से चुराया गया एक कट्टा चावल और 200 रुपए की नगदी बरामद की गई।
पुलिस जांच के दौरान पाया गया कि 8 सितंबर को प्राइमरी स्कूल लालूपुरा के स्टोर से चार क्विंटल चावल चोरी हुए थे। इस संबंध में लालुपुरा के सरपंच की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना घरौंडा में चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया था।
पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपी हर्षित नशा करने का आदी है। नशे की पूर्ति के लिए उसने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था और चोरी का सामान आरोपी राजेश को बेच दिया था।

## सचिन कुंडू ने गांव आसन में अभियान चलाया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**कांग्रेस** का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत सचिन कुंडू ने आज हल्का पानीपत ग्रामीण के गांव आसन में अभियान चलाया। यहां पहुंचने पर सचिन कुंडू का ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया। वहीं जनता को संबोधित करते हुए सचिन कुंडू ने कहा कि प्रदेश सरकार की नाकामियों को उजागर करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा जजपा सरकार की खराब मानसिकता को जनता के समक्ष पेश किया। सचिन कुंडू ने कहा



कि प्रदेश में पिछले 8 सालों में लगभग हर जिले में अनेकों बार धारा 144 लगाई गई है ऐसा कोई जिला नहीं बचा जिसमे धारा 144 न लगी हो इससे साफ जाहिर होता है कि वर्तमान सरकार कानून व्यवस्था को बनाए रखने में पूर्ण रूप से असमर्थ रही है। ऐसी सरकार को सत्ता में बने रहना का कोई अधिकार नहीं है। जिसके चलते चौ.भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनने पर एकबार फिर से प्रदेश को विकास की पटरी पर लौटाया जायगा। इस अवसर पर जगदीश अनेजा, पप्पू वाल्मीकि, प्रदीप मास्टर, कृष्ण, फुल्ले सिंह, जिला परिषद मेंबर रमेश मलिक, दीपक खटकड़, जयकुमार बिंदल, सतपाल रोड़ आदि अन्य सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## 'जो दूसरों के सुख-दुःख में काम आते हैं वो अपना जन्म सार्थक करते हैं'

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत,कमाल हुसैन**

**महाराजा सूरजमल** आर्य जाट धर्मार्थ सभा के शिलान्यास कार्यक्रम में आज बतौर मुख्यअतिथि सम्बोधित करते हुए गुजरात के राज्यपाल आचार्य देववर्त ने कहा कि जो व्यक्ति दूसरे के प्रति मरहम का काम करते हैं और दूसरे के प्रति करूणा रखते हैं व सुख दुख में काम आते हैं वो व्यक्ति अपने जन्म को सार्थक कर जाते हैं। इसलिए हमें अपने लिए नहीं दूसरों के लिए जीना चाहिए। आज कोई ऐसा क्षेत्र नहीं जहां प्रदेश के लोगों ने आगे बढकर मार्ग प्रशस्त ना किया हो। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर प्रेरणा लेनी चाहिए कि आपस में



सदभावना के साथ मिलकर रहना चाहिए। सभी के संगठित होने से देश को प्रगति मिलेगी। इस अवसर पर हरियाणा के बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए इतने बड़े आयोजन के लिए महाराजा सूरजमल आर्य जाट धर्मार्थ सभा का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं के लिए नींव का पत्थर साबित होगा और युवा वर्ग इससे लाभान्वित होगा। उन्होंने कहा कि देश की सैना और अर्धसैनिक बलों में हरियाणा प्रदेश का प्रतिशत सबसे अधिक है जोकि हमारे लिए गर्व की बात है। पानीपत ग्रामीण विधायक महीपाल ढांढा ने महाराजा सूरजमल आर्य जाट धर्मार्थ सभा के लिए दान देने पर भी दानदाताओं का स्वागत करते हुए कहा कि हम सभी को बड़ी शिद्धद्दत के साथ समाज की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस भवन को भव्य रूप देकर बनाया जाए जिससे आने वाली पीढियों की होने वाली गतिविधियों को करने का एक केन्द्र बनाए। यह भवन राष्ट्रीय राजमार्ग पर होने के कारण इसकी महत्ता और बढ़ेगी। वहीं आज भवन के शिलान्यास समारोह में ही भवन के लिए करोड़ों रुपए चंदा एकत्रित हो गया। वहीं यहां पहुंचने पर सभी अतिथियों का आयोजकों द्वारा जहां फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। वहीं पगड़ी पहनाकर उनको सम्मानित किया गया। वहीं सभी अतिथियों ने भवन के लिए जगह चुनने व उसमें आने वाली बाधाओं को दूर कराने के लिए रणदीप कादियान की सराहना की। वहीं मौके पर राज्यपाल आर्चाय देववर्त ने 5 लाख, मंत्री रणजीत चौटाला ने भवन के लिए 11 लाख व हर साल 1 लाख देने की घोषणा, विधायक महीपाल ढांडा ने अपने परिवार की तरफ से 21 लाख, मुख्यमंत्री की तरफ से भी 21 लाख व डीसी की तरफ से 51 हजार की घोषणा की।

## संजय भाटिया ने 2024 में मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने की शपथ दिलाई

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**भारत** को 2014 से पहले तक एक कमजोर देश माना जाता था कभी पाकिस्तान आतंकी हमले कर देता था कभी चीन हमारी सीमा में घुस जाता था। मोदी ने सर्जिकल स्ट्राइक तथा एयर स्ट्राइक करके पाकिस्तान का सही से इलाज किया। यही नहीं चीन को भी वापिस खदेड़ा। पूरी विश्व बिरादरी में चीन व पाकिस्तान को अलग थलग कर दिया। ये शब्द सांसद संजय भाटिया ने सेवा साधना केंद्र में अल्पकालीन विस्तारक प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे



दिन के प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए कहे। संजय भाटिया ने कहा की विपक्षी दल जी ट्वेंटी सम्मेलन से पहले दुष्प्रचार कर रहे थे की इस सम्मेलन का घोषणा पत्र मोदी जारी नहीं कर पाएंगे। मोदी ने घोषणा पत्र न केवल जारी करवाया अपितु एक पहले ही दिन ही सर्वसम्मति से जारी करवा दिया। इसी से भारत की धमक का भान होता है।
आज भारत देश कमजोर नहीं एक ताकतवर देश है। संजय भाटिया ने सभी को हाथ उठाकर 2024 में मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने की शपथ दिलाई।

# नरेला में कान्हा जी की छठी पर किया भंडारे का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भगवान** श्री कृष्ण की छठी का पर्व मेन बाजार के व्यापारियों ने श्रद्धापूर्वक मनाया। इस मौके पर समस्त व्यापारियों की ओर से नरेला के मेन बाजार में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोगों ने कढी चावल का प्रसाद श्रद्धापूर्वक व उत्साह के साथ ग्रहण किया। बाहरी दिल्ली के नरेला में मंगलवार को भगवान श्रीकृष्ण की छठी का पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। छठी पर्व पर भक्तों ने मंदिरों और चौराहों पर जगह-जगह भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरित किया। इसी कड़ी में मेन बाजार के व्यापारियों द्वारा भगवान श्री कृष्ण के छठी पर्व पर मेन बाजार में





विशाल भंडारे का आयोजन किया। भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने पूरी श्रद्धा भाव के साथ प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान काफी संख्या में बच्चों से लेकर युवक-युवतियों की भीड़ भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए जुटी रही।

इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष मनोज बंसल ने श्री कृष्णा छठी पर्व की सभी देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से जहां आपसी स्नेह और सौहार्द बढ़ता है, वहीं धार्मिक, आध्यात्मिक विषयों पर जागरूकता भी समाज में जागृत होती है। उन्होंने आवाहन किया कि हम सभी को भगवान श्री कृष्ण जी के दिखाए हुए मार्ग पर चलने का और उनके बताए हुए आदर्श का अनुसरण करने का प्रयास करना चाहिए। इस मौके पर मनोज बंसल, श्री भगवान, अनिल वर्मा, विकास बंसल, श्रीनिवास वर्मा, सतीश शर्मा, प्रवीण वर्मा, गौरव मारवाह, साहिल गुप्ता, सुनील सिंघल, मोहित गौतम सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## नांगलोई: विधायक ने दिया जनता को धोखा: विजय

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नांगलोई विधानसभा** क्षेत्र के वार्ड नंबर-45 ज्वालापुरी कैंप में स्थित सर्व समाज समिति ने क्षेत्रीय आप विधायक रघुविंदर शौकिन पर सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए यह कहा हैं कि गत वर्ष पूर्व विधायक ने लोगों की मांगो को देखते हुए कहा था कि क्षेत्र में सामूहिक स्नानघर बनाया जाएगा, परंतु साल बीत जाने के बाद भी स्नानघर नहीं बनाया गया।

वहीं सर्व समाज समिति के कोषाध्यक्ष विजय बड़गुजर ने बताया कि ज्वालापुरी कैंप-5 में क्षेत्र में किसी के देहांत के बाद क्रियाक्रम व दाह-संस्कार करने के बाद शोकाकुल परिवार व अन्य सैंकड़ो महिलाएं एक साथ



सामूहिक रूप से स्नान करने के लिए जाती है। जिससे उनको बहुत परेशानी होती हैं, वहीं ज्वालापुरी कैंप नम्बर-5 में सामूहिक स्नान घर की कोई व्यवस्था नहीं है।

विजय बडगुजर ने बताया की उनकी समिति ज्वालापुरी में किसी भी समाज या धर्म के व्यक्ति का देहांत होने पर दिवंगत परिवार के यहां जलपान व दरी, सीलिंग आदि की निःशुल्क व्यवस्था प्रदान करते है। जिसके अध्यक्ष विजय बडगुजर, कोषाध्यक्ष दयाराम बडसीवाल, उपाध्यक्ष बिल्लू तंवर, काले पंवार, कालू राजौरा, जयभगवन बडगुजर, तेजपाल भारती, सुरेश सेजवाल, ओम प्रकाश प्रजापत, ओम प्रकाश भेवाल, मनोज चोहान, हेमराज राजोरा, राजिन्द्र बागड़ी, विनोद परेवा, राकेश राजौरा सदस्य है। दिवंगत परिवार की परेशानियों को देखते हुए समिति ने महसूस किया की ज्वालापुरी में दो सामूहिक स्नान घर की आवश्यकता हैं। इसके लिए सर्व समाज सेवा समिति व के.एस.ई. संस्था ने सयुंक्त रूप से वर्तमान विधायक रघुविंदर शौकिन, समिति के एक प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन सौंपा उसके बाद कई बार सामूहिक स्नानघर बनाने का पूर्ण विश्वास दिया गया।

**विधायक ने किया सौतेला व्यवहार: वर्तमान विधायक**
रघुविंद्र शौकिन ने भी ज्वालापुरी कैंप-5 निवासियों की समस्याएं सामूहिक स्नानघर की हो या गलियों में लोहे के गेट लगाने हो, या फिर कुछ गलियों में बिजली के खम्बे लगवाने की हो इन सुविधाओं से वंचित रखा गया है। जबकि ज्वालापुरी कैंप-4 की सभी गलियों में लोहे के गेट लगवा दिए लेकिन कैंप-5 निवासियों के साथ सौतेला व्यवहार क्यों।

## केशवपुरम में श्रीकृष्ण की छठी पर भंडारा आयोजित

### सच्चे मन से करें प्रभु की भक्तिः महेन्द्र नागपाल





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले इलाके केशवपुरम के मंदिर परिसर में श्रीकृष्ण की छठी पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल ने बताया कि आज केशवपुरम के मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण की छठी पर प्रसाद का वितरण किया गया। उन्होंने आगे बताया कि प्रभु सभी की सुनते है, बस सच्चे मन से प्रभु की आराधना करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, उसे एकदिन सफलता अवश्य ही मिलती है, इसलिए हमेशा ही सत्य की राह पर चले और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# नांगलोईः सुता फाउंडेशन ने ब्यूटी वैलनेस कार्यक्रम का किया आयोजन









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नांगलोई** विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त गुरू हरिकिशन वार्ड नंबर-48 स्थित सुता फाऊंडेशन द्वारा पश्चिम विहार जी एच-6 में ब्यूटी वैलनेस और स्वावलंबी महिला समर्थ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अठ्ठारह वर्ष से पैंतालिस वर्ष तक की आयु कि लगभग सैंतालिस महिलाओं व लड़कियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में महिलाओं को फेशियल, ब्लीचिंग, थ्रेडिंग आदि का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि महिलाएं ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बन सकती हैं। सुता फाउंडेशन की संस्थापिका व अध्यक्षा हेमलता वरूण ने बताया कि पहले की अपेक्षा वर्तमान में लोग फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूक हुए हैं। ऐसे में ब्यूटी पार्लर का व्यवसाय कर महिलाएं अधिक मुनाफा कमा सकती हैं। आत्मनिर्भर होने पर महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ ही परिवार को आर्थिक रूप से मजबूती मिलती हैं, वहीं मेकअप के बाद महिलाओं में ब्यूटी विद ब्रेन की फीलिंग आती है। इससे महिलाओं में आत्मविश्वास तो बढ़ता ही है साथ ही ब्यूटी पार्लर का व्यवसाय कर महिलाएं सक्षम बन सकती हैं।

**अपना व्यवसाय कर बन रहीं हैं सक्षमः** ब्यूटी पार्लर का कोर्स करके कई महिलाओं को आय के नए स्त्रोत मिल रहे हैं। विवाह समारोहों के लिए मेकअप करने वालों की संख्या में भी लगातार इजाफा हो रहा है। वर्तमान में महिलाएं हो या पुरुष फिटनेस और मेकअप को लेकर पहले से अधिक जागरूक हुए हैं। यह स्वरोजगार का एक अच्छा माध्यम बन रहा है। ब्यूटी पार्लर के बढ़ते क्रेज को देखते हुए कई महिलाएं इसका कोर्स कर रोजगार प्राप्त कर रही हैं। इससे महिलाएं स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बन रही हैं।

# मॉडल टाउन में WOW CLUB ने मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव















**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के मॉडल टाउन इलाके के अग्रवाल भवन में Wow Club ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर क्लब की चेयरपर्सन सुदेश चुघ, अध्यक्ष शैली सहगल, महासचिव स्वाति खन्ना, सचिव मोनिका चोपड़ा, उपाध्यक्ष सपना सहगल ने कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का स्वागत किया। इस मौके पर भजन सम्राट राहुल चौधरी, भजन गायक संजीव विशनोई ने अपने मुधर भजनों से कार्यक्रम में आये हुए लोगों का मनमोह लिया। इस मौके पर पूर्व सांसद जय प्रकाश अग्रवाल, निगम पार्षद विकेश सेठी, मॉडल टाउन के पूर्व विधायक कंवर करन सिंह, पूर्व जोन चेयरमैन नत्थूराम नागर, मॉडल टाउन के प्रसिद्व समाजसेवी नरेन्द्र चुघ, पूर्व पार्षद जोगीराम जैन, राज खुराना, संजय सहगल, मॉडल टाउन के समाजसेवी निर्भय नरूला, नई आशा फाउंडेशन के चेयरमैन नीरज चोपड़ा सहित कई गणमान्य लोगों ने शिरकत की। इस मौके पर पूर्व सांसद जय प्रकाश अग्रवाल ने कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि क्लब ने आज बड़े ही भव्य रूप में कार्यक्रम किया है। मैं इसके लिए क्लब की पूरी टीम को बधाई देता हूं।

# एसएमए पीड़ित बच्चे को लगा 17.5 करोड़ का इंजेक्शन

## 'कनव को जन्म से ही यह गंभीर बीमारी है, देश में अब तक ऐसे कुल नौ मामले ही हैं, इस बच्चे को 17.5 करोड़ का इंजेक्शन लगना था जो अमेरिका से आना था





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बेहद दुर्लभ** किस्म की बीमारी एसएमए (स्पाइनल मस्कुलर एट्राफी) से पीड़ित डेढ़ साल के कनव को 17.5 करोड़ का इंजेक्शन लग गया है। कनव को जन्म से ही एसएमए नामक गंभीर बीमारी है। मंगलवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कनव का हाल जानने के लिए उसके घर पहुंचे और उसके परिजनों से भी बातचीत की। उन्होंने एक्स (ट्विटर) पर इस मुलाकात से जुड़ा वीडियो भी साझा किया है। बच्चे का हाल लेने के बाद सीएम अरविंद केजरीवाल ने एक्स (ट्विटर) पर वीडियो साझा करते हुए लिखा, 'कनव को जन्म से ही यह गंभीर बीमारी है। देश में अब तक ऐसे कुल नौ मामले ही हैं। इस बच्चे को 17.5 करोड़ का इंजेक्शन लगना था जो अमेरिका से आना था। इस छोटे बच्चे को एक नई जिंदगी देने के लिए हमारे सांसद संजीव अरोड़ा और संजय सिंह के प्रयासों और जनता के सहयोग से वो इंजेक्शन लग गया है, और बच्चा अभी स्वस्थ है। धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। जितने भी सेलेब्रिटीज, नेताओं और मीडिया संस्थानों ने इस नेक काम में परिवार की मदद की है उन सभी का बहुत-बहुत शुक्रिया। ईश्वर इस बच्चे को हमेशा स्वस्थ और खुशहाल रखें'।

**मदद को आगे**

**मुख्यमंत्री कनव का हाल जानने के लिए उसके घर पहुंचे और उसके परिजनों से भी बातचीत की**

**इंजेक्शन लगने के बाद बच्चा जी सकता है सामान्य जीवन:** विशेषज्ञ के मुताबिक, इस बीमारी से ग्रसित बच्चों को अगर सही समय पर यह विशेष इंजेक्शन दिया जा सके तो न केवल इनकी जिंदगी बचाई जा सकती है, बल्कि ये दूसरे बच्चों की तरह सामान्य जिंदगी भी जी सकते हैं। एसएमए से ग्रसित बच्चों के अंग धीरे-धीरे काम करना बंद कर देते हैं और उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस छोटे बच्चे को एक नई ज़िंदगी देने के लिए हमारे सांसद संजीव अरोड़ा जी और संजय सिंह जी के प्रयासों और जनता के सहयोग से वो इंजेक्शन लग गया है और बच्चा अभी स्वस्थ है।

## दिल्लीवालों के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित नहीं एलजी: सौरभ भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राज्य** मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण (एसएमएचए) के गठन के साथ उपराज्यपाल के निर्देश पर दिल्ली सरकार ने निशाना साधा है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि उपराज्यपाल यदि दिल्लीवालों के स्वास्थ्य को लेकर इतने ही चिंतित हैं तो उन्हें उन अधिकारियों पर कार्रवाई करनी चाहिए जिन्होंने मोहल्ला क्लीनिक में डॉक्टरों का वेतन रोका। कंप्यूटरीकृत ओपीडी काउंटर अचानक बंद किया। गरीब मरीजों के लिए मुफ्त प्रयोगशाला सेवाएं बंद करने की साजिश रची। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि उपराज्यपाल एसएमएचए में अपने विवेक के अनुसार सदस्यों की सिफारिश करना चाहते हैं। यही वास्तविक कारण है कि एलजी एसएमएचए में विशेषज्ञों को सदस्य के रूप में नामित नहीं किए जाने से इतने नाखुश हैं। इसके अलावा एलजी इसलिए भी नाखुश हैं क्योंकि मैंने प्रगति मैदान में भारत मंडपम में जलभराव की समस्या को उठाया। जी 20 शिखर सम्मेलन की तैयारियों के लिए केंद्र सरकार ने दिल्ली सरकार को कोई धन मुहैया नहीं कराया। बता दें कि एलजी ने आदेश दिया है कि जल्द से जल्द एसएमएचए में सेवानिवृत मनोचिकित्सक, एक मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर, एक मनोचिकित्सक सामाजिक कार्यकर्ता, एक नैदानिक मनोवैज्ञानिक, एक मानसिक स्वास्थ्य नर्स (सभी 15 वर्ष के अनुभव के साथ), दो मानसिक रोगियों का प्रतिनिधित्व करने वाले, दो ऐसे मरीजों की देखभाल करने का प्रतिनिधित्व करने वाले, दो व्यक्ति गैर सरकारी संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वालों को शामिल किया जाए। यह सभी मानसिक बीमारी से पीड़ित लोगों को सेवाएं प्रदान करने का अनुभव रखते हो।

# दिल्ली में कराई जाएगी कृत्रिम बारिश!



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए सरकार कृत्रिम बारिश कराने के लिए क्लाउड सीडिंग तकनीक के इस्तेमाल पर विचार कर रही है। मंगलवार को दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने सर्दियों के दौरान राजधानी में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए क्लाउड सीडिंग का पता लगाएगी।

**विशेषज्ञों के साथ बैठक के बाद हुई घोषणा:** शहर के प्रत्येक वायु प्रदूषण हॉटस्पॉट के लिए सरकार एक अलग कार्य योजना तैयार कर रही है। विंटर एक्शन प्लान पर चर्चा के लिए 24 पर्यावरण विशेषज्ञों के साथ बैठक के बाद गोपाल राय की यह घोषणा सामने आई है। बैठक में आईआईटी कानपुर के वैज्ञानिकों ने दिल्ली में कृत्रिम बारिश को प्रेरित करने पर प्रस्तुति दी।

**वैज्ञानिकों ने कृत्रिम बारिश पर दी प्रेजेंटेशन:** गोपाल राय ने कहा कि विशेषज्ञों ने वाहन प्रदूषण, धूल प्रदूषण, बायोमास जलने और अन्य प्रकार के प्रदूषण को कम करने के तरीकों पर विचार-मंथन किया। आईआईटी-कानपुर के वैज्ञानिकों ने दिल्ली में कृत्रिम बारिश कराने और इसमें होने वाली लागत पर एक प्रस्तुति दी। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि हमने उनसे एक विस्तृत प्रस्तुति तैयार करने का अनुरोध किया है। जिसे मुख्यमंत्री को दिखाया जाएगा। हम निश्चित रूप से इस विचार पर विचार करेंगे। कृत्रिम बारिश पर इसी तरह के प्रस्ताव मुख्यमंत्री केजरीवाल को सौंप चुके हैं। विशेषज्ञों ने वायु प्रदूषण हॉटस्पॉट के लिए उनके संबंधित प्रदूषण स्रोतों से निपटने के लिए एक अलग शीतकालीन एक्शन प्लान तैयार करने का भी सुझाव दिया है।

# सेंधमारी के एक मामले में 11 साल से वांछित बदमाश गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**द्वारका** सेक्टर 23 थाना इलाके में 2010 में हुई सेंधमारी के एक मामले में 11 साल से फरार चल रहे संजय मिश्रा नामक एक बदमाश को द्वारका साउथ थाना पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। वह उप्र के गोरखपुर का रहने वाला है। द्वारका सेक्टर 23 थाने की पुलिस को इसकी तलाश थी। द्वारका कोर्ट ने 2012 में इसे भगोड़ा भी घोषित कर दिया था। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया की एसीपी मदनलाल मीणा की देखरेख में द्वारका साउथ थाना के एसएचओ आशीष कुमार दूबे की टीम ऐसे भगोड़ों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत इसके बारे में पता लगाने का काम कर रही थी। पुलिस टीम ने टेक्निकल सर्विलांस और मैनुअल इन्फॉर्मेशन के आधार पर पता लगाना शुरू किया।

# हरकतों से बाज नहीं आया युवक तो मेट्रो में युवती ने जमकर पीटा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** मेट्रो में यात्रियों की भीड़ बढ़ने के साथ साथ मारपीट की घटनाएं भी बढ़ गई है। पिछले कुछ दिनों से मेट्रो में मारपीट की कई घटनाओं के वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहे हैं। ऐसी ही एक वीडियो में यात्रियों की भीड़ से खचाखच भरी मेट्रो के कोच के अंदर एक युवती ने एक युवक की जमकर पिटाई की।

**युवक ने युवती से की बदतमीजी:** **संभवतः** युवक ने युवती के साथ भीड़ में बदतमीजी की थी। मेट्रो में मौजूद अन्य यात्री युवती से पूछ भी रहे कि युवक को क्यों मार रही है, लेकिन वह युवक को लगातार पिटाई करते वीडियो में दिख रही है। साथ ही वह कहती है कि वह पागल तो नहीं है कि ऐसे ही पिटाई किए जा रही है। कब से उसके हरकतों को नजरंदाज किया। उस जगह से हटी भी, लेकिन फिर भी जब वह हरकतों से बाज नहीं आया तब तक उसने युवक की पिटाई की। घटना वायलेट लाइन की मेट्रो की लग रही है। एक अन्य वीडियो में एक महिला एक युवक और युवती से झगड़ती दिख रही है और सुरक्षा कर्मियों से उनकी शिकायत भी की।

# अभी जेल में ही रहेगा उमर खालिद

## सुप्रीम कोर्ट ने जमानत याचिका पर सुनवाई 4 सप्ताह के लिए की स्थगित

**सुनवाई टली**

**सुनवाई स्थगित करते हुए कहा कि मामले में विस्तृत सुनवाई की आवश्यकता है**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** दंगों की बड़ी साजिश मामले में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व छात्र उमर खालिद की मुश्किलें बढ़ गई है। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका 4 सप्ताह के लिए स्थगित कर दी है। जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस बेला त्रिवेदी की पीठ ने सुनवाई स्थगित करते हुए कहा कि मामले में विस्तृत सुनवाई की आवश्यकता है। साथ ही खालिद की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से इस मामले में दस्तावेज दाखिल करने को कहा है।

**कोर्ट ने क्या कहा:** पीठ ने सिब्बल से कहा, 'इस मामले को चार सप्ताह के बाद सूचीबद्ध करें। इस मामले में हमें दस्तावेज-दर-दस्तावेज देखना होगा। आपको हमें दिखाना होगा कि कौन से सबूत उपलब्ध हैं और यह आपके खिलाफ लगाए गए आरोपों से कैसे मेल नहीं खाते।' सिब्बल ने कहा कि यूएपीए के कुछ प्रावधान, जिनमें आतंकवाद, आतंकवादी कृत्य के लिए धन जुटाना और साजिश से संबंधित प्रावधान शामिल हैं, उमर खालिद के मामले में लागू नहीं होते हैं।

**खालिद ने कब दायर की थी याचिका:** बता दें कि खालिद ने अक्टूबर 2022 के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। इससे पहले उन्होंने मार्च 2022 में ट्रायल कोर्ट द्वारा उनकी जमानत याचिका खारिज किए जाने को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

### खालिद के अलावा और किस पर दर्ज मामला?

**खालिद** के अलावा, शरजील इमाम, कार्यकर्ता खालिद सैफी, जेएनयू के छात्र नताशा नरवाल और देवांगना कलिता, जामिया समन्वय समिति के सदस्य सफूरा जरगर, पूर्व आप पार्षद ताहिर हुसैन और कई अन्य लोगों पर मामले में कड़े कानून के तहत मामला दर्ज किया गया था। बता दें कि 2020 को दिल्ली में नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क उठी थी और इसमें 53 लोगों की मौत हो गई थी और 700 से अधिक घायल हो गए थे।

# एक करोड़ की हेरोइन के साथ 8 तस्कर गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** पुलिस की अपराध शाखा की टीम ने एक करोड़ रुपये से अधिक कीमत की हेरोइन के साथ 8 तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत किया है। अपराध शाखा के विशेष पुलिस आयुक्त रविंद्र सिंह यादव ने बताया कि टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि सुल्तानपुरी निवासी गुलाब राय उर्फ चेतन दिल्ली में हेरोइन की तस्करी में संलिप्त है। वह बवाना रोड, टी-पॉइंट सेक्टर 29, रोहिणी के पास भारी मात्रा में हेरोइन की आपूर्ति करने के लिए आएगा। सूचना के अनुसार टीम ने मौके पर ट्रैप लगाकर आरोपित गुलाब राय को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से 100 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। पूछताछ में उसने बताया कि उसका बड़ा भाई भी मादक पदार्थों की तस्करी मामलों में भी शामिल रहा है। अपने बड़े भाई के जेल जाने के बाद उसने दिल्ली एनसीआर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी शुरू कर दी। वहीं, एक अन्य मामले में पुलिस को सूचना मिली कि बुराड़ी निवासी आकाश और इसका साथी नीरज हेरोइन की बड़ी खेप की आपूर्ति करने के लिए आईएसबीटी आनंद विहार के पास आएगा। टीम ने ट्रैप लगाकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से 200 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। पूछताछ में दोनों ने बताया कि उन्होंने बरेली निवासी ओमेंद्र से ड्रग्स खरीदे थे। इनकी निशानदेही पर टीम ने बरेली से ओमेंद्र को गिरफ्तार कर लिया।

# हाईकोर्ट ने यूपी-दिल्ली पुलिस की जांच पर उठाए सवाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**साल** 1998 में दर्ज हत्या के एक मामले में 2015 में पांच आरोपियों को बरी करने के निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस और उत्तर प्रदेश पुलिस की जांच पर सवाल उठाते हुए चेतावनी दी है।

**किसी चीज से नहीं हो सकती लोगों के वक्त की भरपाई:** न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की पीठ ने कहा कि दोनों जांच एजेंसियों ने 1998 में दर्ज की गई प्राथमिकी की जांच की और वर्ष 2015 में अदालत ने आरोपित व्यक्तियों को बरी कर दिया गया। पुलिस की जांच के कारण आरोपितों को लंबे मुकदमे की अग्निपरीक्षा का सामना करना पड़ा। अदालत ने कहा कि पांच व्यक्तियों के समय, ऊर्जा और प्रतिष्ठा की भरपाई पैसे या किसी अन्य रूप में नहीं की जा सकती। हालांकि, अदालत की राय में जांच में दोनों राज्यों की पुलिस द्वारा किये गए इस तरह के लापरवाह आचरण के लिए आगाह करना न्याय के हित में होगा।

**न्याय के हित में**

**दोनों राज्यों की पुलिस द्वारा किये गए इस तरह के लापरवाह आचरण के लिए आगाह करना न्याय के हित में होगा**

# गोगी गैंग के गुर्गे को जमानत देने से दिल्ली हाईकोर्ट का इनकार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के अलीपुर थाना में महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम-1999 (मकोका) के तहत दर्ज मामले में गैंगस्टर जितेंद्र उर्फ गोगी गैंग के गुर्गे सुरेंद्र मान को नियमित जमानत देने से दिल्ली हाईकोर्ट ने इनकार कर दिया। जमानत याचिका खारिज करते हुए न्यायमूर्ति अमित बंसल की पीठ ने कहा कि रिकार्ड पर मौजूद सामग्री के तहत आरोपित सुरेंद्र मान ने करीब दस करोड़ रुपये कीमत की जमीन और कार समेत कई चल-अचल संपत्तियां खरीदी है। हालांकि, उक्त रकम का स्रोत वह नहीं बता सका।

# तीन दिनों की बंदी का दिल्ली के बाजारों पर बड़ा असर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** में जी20 शिखर सम्मेलन का आयोजन सफलपूर्वक संपन्न हो गया है। इस दौरान नई दिल्ली पुलिस जिला क्षेत्र में 8 से 10 सितंबर तक कई तरह के प्रतिबंध रहे। बाकी दिल्ली में जहां भी थोक और खुदरा बाजार खुले, वहां कारोबार नहीं के बराबर रहा। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) के अनुसार, इस दौरान करीब एक हजार करोड़ रुपये के बिजनेस को नुकसान पहुंचने की अनुमान है। सीटीआई के चेयरमैन बृजेश गोयल और अध्यक्ष सुभाष खंडेलवाल ने कहा कि तीन दिनों तक दिल्ली के बाजारों में कारोबार लगभग ठप्प रहा।




**10 प्रतिशत तक भी नहीं हुआ कारोबार:** नई दिल्ली जिले में दुकान, कार्यालय, रेस्टोरेंट्स, क्लब, बार, बुकशॉप, जूलरी, कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम, सिनेमा हॉल, फुटवियर, क्रॉकरी, गैजेट्स आदि का काम नहीं हुआ। कनॉट प्लेस, खान मार्केट, बंगाली मार्केट, जनपथ, पालिका बाजार जैसे मार्केट बंद रहे। दिल्ली के अन्य क्षेत्रों में जहां कारोबार की अनुमति थी, वहां 10 प्रतिशत भी कारोबार नहीं हो पाया।

**भ्रम की वजह से बाजार नहीं आए लोग:** हजारों दुकानदारों ने प्रतिष्ठान बंद रखे। कुछ ने आधा दिन काम किया। कुछ शाम 4-5 बजे दुकान बढ़ाकर घर चले गए। ग्राहक नदारद रहे। कर्मचारियों और व्यापारियों को भी मार्केट पहुंचने में मुश्किलें हुईं। बृजेश गोयल ने कहा कि गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा, गाजियाबाद, सोनीपत, रेवाड़ी, बहादुरगढ़, पानीपत, मेरठ और सहारनपुर जैसे आसपास के शहरों से दिल्ली में रोजाना करीब चार लाख खरीदार आते हैं, ये भी छुट्टी, रास्ते बंद, डायवर्जन, सुरक्षा जैसे भ्रम की वजह से नहीं आएं।

**दिल्ली के लोगों ने मनाई छुट्टी:** दिल्ली के स्थानीय निवासियों ने भी तीन दिनों को छुट्टियों की तरह लिया। बहुत से लोग बाहर घूमने निकल गए। स्कूल, कॉलेज, सरकारी और निजी दफ्तरों में अवकाश घोषित होने पर काफी दिल्ली वाले दिल्ली से बाहर टूर पर निकल गए। कार्यक्रम की सफलता के लिए केंद्र, दिल्ली सरकार और एमसीडी को दिल्ली के व्यापारी बधाई दे रहे हैं।

**नुकसान**

**दिल्ली के अन्य क्षेत्रों में जहां कारोबार की अनुमति थी, वहां 10 प्रतिशत भी कारोबार नहीं हो पाया**

# केजरीवाल सरकार पर बरसे कपिल मिश्रा, 'प्रदूषण रोकिए, दिवाली नहीं...'




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सरकार ने सर्दियों से पहले प्रदेश में बढ़ने वाले प्रदूषण पर रोकथाम के लिए सोमवार को बड़ा फैसला लेते हुए राजधानी में पटाखों बनाने, बिक्री और भंडारण करने के साथ-साथ इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। दिल्ली सरकार के इस फैसले के बाद सत्ता और विपक्ष के नेता में आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है। अब बीजेपी के के उपाध्यक्ष कपिल मिश्रा ने केजरीवाल सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि दिल्ली सरकार एक बार फिर दिवाली पर बैन लगाने की कोशिश की है। आखिर हर साल पटाखों पर बैन क्यों लगाया जाता है। दिल्ली के व्यापारियों और दिवाली मनाने वाले लोगों को ग्रीन पटाखे से भी वंचित किया है।

**ग्रीन पटाखों की सुप्रीम कोर्ट ने दी है अनुमति:** उन्होंने आगे कहा कि सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश को दरकिनार कर फैसले ले रही है। दिवाली पर ग्रीन पटाखे पर प्रतिबंध नहीं होना चाहिए, क्योंकि ग्रीन पटाखे का प्रदूषण से कुछ लेना देना नहीं हैं। जबकि दिल्ली सरकार पराल के प्रदूषण को लेकर कोई कदम नहीं उठा रही है, लेकिन दिवाली आते ही ग्रीन पटाखे पर जरूर बैन लग जाता है।

**रामवीर सिंह बिधूड़ी ने भी किया विरोध:** कपिल मिश्रा के अलावा दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने लगातार तीसरे वर्ष दीपावली पर पटाखे चलाने के प्रतिबंध का विरोध किया है। उन्होंने कहा है कि जो पटाखे प्रदूषण फैलाते हैं, उनकी बिक्री और भंडारण पर अवश्य रोक लगाई जाए, लेकिन ग्रीन पटाखे चलाने की अनुमति दी जानी चाहिए। दीपावली का त्योहार केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि करोड़ों हिंदुओं की भावनाओं से जुड़ा देश का महत्वपूर्ण त्योहार है। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली सरकार हर वर्ष एकतरफा तरीके से पटाखों के उत्पादन, बिक्री, भंडारण और इन्हें चलाने पर रोक लगा देती है।

अब तक कोई ऐसा वैज्ञानिक अध्ययन नहीं हुआ, जिससे यह साबित हो सके कि हर वर्ष दीपावली पर पटाखों से प्रदूषण बढ़ जाता है। प्रदूषण बढ़ाने वाले पटाखों पर प्रतिबंध तो न्यायसंगत माना जा सकता है, लेकिन ग्रीन पटाखे, जो पर्यावरण को किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाते, उन पर रोक नहीं लगाई जानी चाहिए। सरकार दीपावली पर कुछ घंटों के दौरान पटाखे चलाने की अनुमति देनी चाहिए।

**विरोध**

**दिवाली पर ग्रीन पटाखे पर प्रतिबंध नहीं होना चाहिए, क्योंकि ग्रीन पटाखे का प्रदूषण से कुछ लेना देना नहीं हैं**

# मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपित जैन की अंतरिम जमानत 25 सितंबर तक बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मनी** लॉन्ड्रिंग के आरोपित सत्येन्द्र जैन को सुप्रीम कोर्ट से मिली अंतरिम राहत बरकरार रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने सत्येंद्र जैन की अंतरिम जमानत की अवधि 25 सितंबर के लिए बढ़ा दी है। ईडी ने सुनवाई टालने की मांग की थी, जिसे मंजूर करते हुए कोर्ट ने सत्येंद्र जैन की अंतरिम जमानत 25 सितंबर तक के लिए बढ़ा दी। मामले की अगली सुनवाई 25 सितंबर को होगी। इस मामले की सुनवाई करने वाली बेंच के सदस्य जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा ने 1 सितंबर को सुनवाई से अपने आपको अलग कर लिया था। जस्टिस प्रशांत मिश्रा के बेटे ईडी के वकील के रूप में पेश हो चुके हैं। 25 अगस्त को सुनवाई के दौरान सत्येंद्र जैन की ओर से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा था कि जैन की स्पाइनल सर्जरी हुई है और उन्हें आराम की जरूरत है। सिंघवी ने जैन की अंतरिम जमानत बढ़ाने की मांग की। सिंघवी की दलील का ईडी ने विरोध करते हुए कहा था कि जैन को सरेंडर करने का आदेश दिया जाना चाहिए। उनकी अंतरिम जमानत एक दिन भी नहीं बढ़ाई जानी चाहिए। जैन को आम कैदी की तरह समझा जाना चाहिए। कोर्ट ने 24 जुलाई को जैन को मिली अंतरिम जमानत एक महीने के लिए बढ़ा दी थी। इससे पहले 10 जुलाई को कोर्ट ने 24 जुलाई तक की अंतरिम जमानत बढ़ाने का आदेश दिया था।

**अंतरिम जमानत**

**बेंच के सदस्य जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा ने 1 सितंबर को सुनवाई से अपने आपको अलग कर लिया था**

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 13 सितंबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# संकीर्तन, हवन यज्ञ और भंडारे के साथ हुआ भागवत कथा का समापन










**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**बाहरी** दिल्ली के नरेला स्थित नई अनाज मंडी में श्री श्याम नवयुवक मंडल द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा रविवार को संपन्न हुई। कथा के समापन पर हवन यज्ञ, श्री श्याम संकीर्तन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। कथावाचक आचार्य गोस्वामी श्री मृदुल कृष्ण जी महाराज ने 4 से 11 सितंबर तक चली कथा में भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा की महिमा बताई, उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा। बाहरी दिल्ली के नरेला में श्री श्याम नवयुवक मंडल द्वारा आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा रविवार को संपन्न हो गई। कथा के समापन पर सोमवार को प्रात हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया गया। वही शाम को श्री खाटू श्याम संकीर्तन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा के समक्ष माथा टेका और मन्नतें मांगी।

**हवन यज्ञ व भंडारे का हुआ आयोजन :** कथा समापन के अवसर पर सोमवार को सुबह हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने हवन यज्ञ में आहुति डाली। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें पूरे क्षेत्र से हजारों की संख्या में पहुंच कर लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। दोपहर को शुरू हुए भंडारे में शाम तक क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा।

**खाटू श्याम संकीर्तन का हुआ भव्य आयोजन:** कथा समापन के अवसर पर सोमवार शाम को श्री श्याम नवयुवक मंडल द्वारा भव्य श्री खाटू श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। संकीर्तन का शुभारंभ बाबा खाटू श्याम की प्रतिमा के सम्मुख अखंड ज्योति प्रचलित कर किया गया। संकीर्तन में भजन गायक शुभम, रूपम, मीनू शर्मा ने श्याम प्रभु खाटू वाले के भजनों की एक से बढ़कर एक सुंदर प्रस्तुति देकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया।

श्याम 8 बजे से शुरू हुए संकीर्तन में सुबह भोर तक श्रद्धालु भजनों पर झूमते रहे। श्याम बाबा की जय, हारे के सहारे की जय, तीन बाण धारी की जय, के जयकारों से पूरा पांडाल गूंज उठा। संकीर्तन में श्याम सलोना श्रृंगार, अखंड ज्योति, छप्पन भोग, इत्र वर्षा पुष्प वर्षा मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम में नरेला से पूर्व विधायक नीलदमन खत्री, नरेला से पूर्व निगम पार्षद सविता नरेश खत्री, मोहित गुप्ता, प्रमोद नरवाल, कपिल भारद्वाज, संजय बंसल, महामंत्री पवन खत्री, (मोनी) महामंत्री योगेश शर्मा, मांगे राम अत्रि, अजय बंसल, विकाश गर्ग,भानु आनंद प्रकाश खत्री, मीना खत्री, मोहित गौतम,अजय, टोनी, अर्चित गर्ग, आशु जिन्दल, ऋषभ बंसल, सौरभ गर्ग, मुकुल बंसल, हिमांशु गोयल, ऋषभ गर्ग, राहुल बंसल, आदित्य गुप्ता, हिमांशु गोयल, चिराग गुप्ता, हर्ष मंगला, दीपक कौशिक, गौतम बंसल, कमल, इशांत गर्ग सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## 'इनेलो को कांग्रेस से कोई परहेज नही'

**टीम एक्शन इंडिया/रेवाड़ी**

**इनेलो** को कांग्रेस से कोई परहेज नही है। कांग्रेस को भी इनेलो से परहेज नहीं करना चाहिए।अभय चौटाला ने बताया कि 25 सितंबर को कैथल में पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की जयंती सम्मान दिवस के रूप में मनाई जाएगी। इस दिन बड़ी रैली की जाएगी। जिसमें इंडिया अलाइंस के तमाम नेताओं को न्योता भेजा गया है। ऐलनाबाद से विधायक अभय चौटाला मंगलवार को रेवाड़ी में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। चौटाला ने कहा कि रैली में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अलावा लालू प्रसाद यादव, फारूख अब्दुला, उद्धव ठाकरे, सतपाल मलिक, सुखबीर बादल, जयंत चौधरी सहित तमाम नेता आएंगे। कांग्रेस को न्योता देने के सवाल पर कहा कि इस पर कल गुरुग्राम में होने वाली बैठक में विचार करेंगे। उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल एक नेता नहीं बल्कि संस्था थे। मुझे नहीं लगता कि उनके सम्मान में होने वाले कार्यक्रम में कोई नेता आने से गुरेज करेगा। उन्होंने कहा कि मैंने चौधरी बीरेन्द्र सिंह को भी न्योता दिया है। वे भी आएंगे। अभय चौटाला ने जननायक जनता पार्टी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जेजेपी का जनाधार सिमट चुका है। अब सिर्फ कुछ स्वार्थी लोग ही वहां बचे हैं।

## एम्स, ऋषिकेश में आयुष्मान मरीजों के लिए अब प्रत्येक तल पर पंजीकरण की सुविधा

**टीम एक्शन इंडिया/ऋषिकेश**

**आयुष्मान** कार्ड धारक मरीजों को अब एम्स, ऋषिकेश में इलाज के पंजीकरण कराने के लिए लंबी लाइन में खड़ा नहीं होना पड़ेगा। एम्स अस्पताल प्रशासन ने सुविधाओं में इजाफा करते हुए अस्पताल बिल्डिंग के प्रत्येक तल पर आयुष्मान पंजीकरण काउंटर की व्यवस्था सुनिश्चित कर दी है। मंगलवार को नई सुविधाओं के बाबत एम्स के चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर संजीव कुमार मित्तल ने बताया कि एम्स में इलाज के लिए आने वाले मरीजों के लिए यह एक अच्छी खबर है। अभी तक भर्ती पर्चा बनवाने और डिस्चार्ज प्रक्रिया हेतु मरीजों व उनके तीमारदारों को लंबी लाइनों में खड़ा रहना पड़ता था, लेकिन अब अस्पताल प्रशासन ने इस समस्या का निस्तारण करते हुए आयुष्मान कार्डधारक मरीजों के सुविधार्थ प्रत्येक तल पर पंजीकरण काउंटर




खोल दिए हैं। इन काउंटरों पर आयुष्मान कार्ड धारक मरीज को अस्पताल में भर्ती और डिस्चार्ज कराने की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध होगी। यह काउंटर चौबीस घन्टे कार्य करेंगे। प्रोफेसर संजीव का कहना था कि अस्पताल ब्लॉक के तृतीय, चतुर्थ, पंचम और छठे तल पर अलग-अलग आयुष्मान काउंटर खोले गए हैं। इन सभी तलों पर स्थित विभिन्न वार्डों में भर्ती आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों को अब एडमिशन, डिस्चार्ज और बिलिंग आदि कार्यों के लिए ग्राउंड फ्लोर पर आने की आवश्यकता नहीं है।

